संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

"जो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होता है, वही सफल होता है।"



1529: मुगल सम्राट बाबर ने गोगरा की लड़ाई में बंगाल के अफगान शासक नसरत शाह को हराकर बिहार और आसपास के क्षेत्रों पर कब्जा किया।

पूर्णिया , बुधवार 6 मई 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com

डिजिटल संस्करण

RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 03, अंक 022

# प्रधानमंत्री 11 मई को गुजरात आएंगे, सरदार धाम-3 का करेंगे लोकार्पण

**अहमदाबाद**(हि.स.)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मई को गुजरात के महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। वे 10 मई की रात जामनगर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 11 मई की सुबह वे जामनगर से सोमनाथ के लिए रवाना होंगे और वहां आयोजित 'स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद उनका वडोदरा जाने का कार्यक्रम है, जहां कई अहम कार्यक्रमों में वे भाग लेंगे।



**सोमनाथ में 'स्वाभिमान पर्व' में सहभागिता:** सोमनाथ में आयोजित 'स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देशभर से आए प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की है।

**वडोदरा में सरदार धाम-3 का लोकार्पण:** वडोदरा में प्रधानमंत्री मोदी 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सरदार धाम-3 का लोकार्पण करेंगे। सरदार धाम के प्रमुख गगजी सुतरिया के अनुसार, इस अवसर पर 30 से 40 हजार लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के रोड शो की भी योजना है, जिसमें वे जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे।

**भव्य स्वागत और प्रशासनिक तैयारियां:** प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर राज्य प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी के कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक कर सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और कार्यक्रम संचालन की समीक्षा की गई। पाटीदार समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा और उन्हें 'सरदार गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने की भी योजना है।

## वियतनाम के राष्ट्रपति दिल्ली पहुंचे, आज प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। भारत और वियतनाम इस वर्ष अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति लाम का बोधगया दौरा हुआ, जहां बिहार के राज्यपाल ले.ज. सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने महाबोधि मंदिर में प्रार्थना भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के निमंत्रण पर आए राष्ट्रपति लाम 5 से 7 मई तक भारत में रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आज उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति लाम मुंबई का भी दौरा करेंगे।

## साइबर सुरक्षा और फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए यूआईडीएआई और एनएफएसयू के बीच समझौता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) ने डिजिटल फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में पांच वर्षीय सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी भारत के डिजिटल पहचान पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। समझौते के तहत छह प्रमुख क्षेत्रों—शैक्षणिक विकास, सूचना सुरक्षा, फोरेंसिक अवसंरचना, तकनीकी सहायता, एआई-ब्लॉकचेन व डीपफेक डिटेक्शन पर अनुसंधान तथा छात्र प्रशिक्षण व प्लेसमेंट—पर कार्य किया जाएगा। एमओयू का आदान-प्रदान यूआईडीएआई के सीईओ विवेक चंद्र वर्मा और एनएफएसयू गुजरात कैंपस के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.ओ. जुनारे के बीच हुआ। अधिकारियों ने इसे डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया।

## मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, हम चुनाव नहीं हारे : ममता बनर्जी

**कोलकाता** (हि.स.)

कोलकाता में मंगलवार को कालीघाट स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगी। उन्होंने कहा, "मैं इस्तीफा क्यों दूं? हम हारे नहीं हैं, इसलिए इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता।"

**चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर आरोप:** ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मतदान और मतगणना के दौरान अनियमितताएं हुईं। उन्होंने दावा किया कि



निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष भूमिका नहीं निभाई और 100 से अधिक सीटों पर चुनाव प्रभावित हुआ।

**हिंसा और एजेंटों को रोके जाने का दावा:** मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मतगणना के दौरान कई जगहों पर हिंसा हुई और उनके पार्टी एजेंटों को मतगणना केंद्रों में प्रवेश से रोका गया। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थकों द्वारा कथित तौर पर मारपीट की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई।

**सड़क पर उतरने और विपक्षी एकता का संकेत:** ममता बनर्जी ने कहा कि वह अब जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगी। उन्होंने दावा किया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और हेमंत सोरेन सहित कई नेताओं ने उन्हें समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने विपक्षी एकता को मजबूत करने की बात कही।

**01:** ममता ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाने का गंभीर आरोप लगाया।

**02 :** उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान हिंसा हुई और उनके एजेंटों को केंद्रों में प्रवेश से रोका गया।

**03 :** ममता बनर्जी ने सड़क पर उतरकर संघर्ष जारी रखने और विपक्षी एकता मजबूत करने की बात कही।

## पश्चिम बंगाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण नौ मई को

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बताया कि राज्य के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण 9 मई को कोलकाता में आयोजित होगा, हालांकि मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि यह दिन रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती होने के कारण विशेष महत्व रखता है और नई सरकार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने



का काम करेगी।शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थकों के शामिल होने की संभावना है। वहीं भाजपा संसदीय बोर्ड ने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा ने इस बार राज्य में 206 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है

## भाजपा का ममता बनर्जी पर निशाना, कहा- बंगाल में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा पलटवार किया है। भाजपा ने उनके रुख को राज्य में अराजकता फैलाने वाला बताया है। भाजपा ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया।

**संबित पात्रा का तीखा आरोप**

भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि हार के बाद इस्तीफा देना लोकतांत्रिक परंपरा है। उन्होंने ममता बनर्जी के 'मैं इस्तीफा नहीं दूंगी' बयान को संविधान और लोकतंत्र पर आघात बताया। उन्होंने कहा



कि यह जनता के जनादेश का अपमान है।

**स्टालिन के उदाहरण का उल्लेख:** उन्होंने एम.के. स्टालिन का उदाहरण देते हुए कहा कि तमिलनाडु में मुख्यमंत्री ने इस्तीफा सौंपा, जबकि पश्चिम बंगाल में इसके विपरीत बयान दिए जा रहे हैं। इस तुलना से राजनीतिक बहस तेज हो गई है।

**लोकतंत्र और सत्ता हस्तांतरण पर टिप्पणी:** संबित पात्रा ने कहा कि सत्ता का हस्तांतरण भारत में शांतिपूर्ण और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत होता है। उन्होंने दावा किया कि किसी भी नेता के बिना देश या राज्य नहीं रुकता और लोकतंत्र जनता की ताकत पर आधारित है। उन्होंने ममता बनर्जी के दावे को गलतफहमी बताया। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सभी दलों को सम्मान बनाए रखना चाहिए। यह मुद्दा अब राजनीतिक रूप से गरमा गया है भी।

## राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद बोले राघव चड्ढा, बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है पंजाब सरकार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी में हाल ही में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर पंजाब की राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई।

**सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप:** मुलाकात के दौरान सांसदों ने आरोप लगाया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने इस संबंध में औपचारिक शिकायत राष्ट्रपति को सौंपी।

**01 :** संदीप पाठक पर दर्ज एफआईआर को "मनगढ़ंत" बताया गया।

**02 :** गिरफ्तारी की अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया गया।



**विजिलेंस और पुलिस के इस्तेमाल पर सवाल:** सांसदों ने आरोप लगाया कि विजिलेंस विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पंजाब पुलिस का उपयोग बदले की भावना से किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरनाक बताया।

**सीएम भगवंत मान भी पहुंचे राष्ट्रपति भवन:** उधर, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे हैं, जिससे इस मुद्दे पर राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है।

**एफआईआर और गिरफ्तारी की आशंका:** राघव चड्ढा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि संदीप पाठक के खिलाफ "दुर्भावनापूर्ण और मनगढ़ंत" एफआईआर दर्ज की गई हैं। साथ ही, उनके खिलाफ गिरफ्तारी की अफवाहें भी फैलाई गईं, जिससे राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

## अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी : इराक में हवाई यात्रा से बचने की सलाह

**वॉशिंगटन/बगदाद,** (हि.स.)। अमेरिका ने अपने नागरिकों को इराक की यात्रा को लेकर नई चेतावनी जारी करते हुए विशेष रूप से हवाई सफर से बचने की सलाह दी है। अमेरिकी दूतावास के अनुसार देश में सुरक्षा स्थिति अभी भी संवेदनशील बनी हुई है और किसी भी समय खतरा उत्पन्न हो सकता है।

जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि इराक में मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों का जोखिम बना हुआ है। ऐसे में नागरिकों को फ्लाइट लेने या हवाई अड्डों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी गई है। दूतावास ने यह भी स्पष्ट किया कि स्थिति लगातार बदल रही है, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

अमेरिकी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इराक में सक्रिय कुछ उग्रवादी समूह, जिनके संबंध ईरान से बताए जाते हैं, अमेरिकी नागरिकों और उनके ठिकानों को निशाना बनाने की योजना बना सकते हैं। इस खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी कर रही हैं।

एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक अनावश्यक यात्रा से बचें और यदि पहले से इराक में मौजूद हैं, तो अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें। साथ ही, स्थानीय प्रशासन और दूतावास के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

फिलहाल, अमेरिकी सरकार स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर आगे भी दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

## कैबिनेट ने 23,437 करोड़ रुपये की रेलवे मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)

कैबिनेट ने देश में रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 23,437 करोड़ रुपये की तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीईए ने नागदा–मथुरा, गुंटकल–वाड़ी और बुरहवल–सीतापुर मार्गों पर तीसरी व चौथी रेल लाइन के निर्माण को स्वीकृति दी है। इनसे लगभग 901 किलोमीटर रेल नेटवर्क बढ़ेगा और परियोजनाएं 2030-31 तक पूरी होंगी। यह योजना मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 19 जिलों को लाभ पहुंचाएगी। इससे करीब 83 लाख लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही माल ढुलाई क्षमता 60 मिलियन टन प्रतिवर्ष बढ़ेगी, लॉजिस्टिक लागत घटेगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

## छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के केंद्रीय सहकारी बैंक में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच करेगी ईडी

**अंबिकापुर/रायपुर,** (हि.स.)

। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखाओं में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने हाथ में ले ली है। मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से शुरू हुई इस जांच में कई चौंकाने वाले खुलासों की आशंका जताई जा रही है।

**ईडी ने संभाली जांच की कमान:** घोटाले का खुलासा मई 2025 में ऑडिट के दौरान हुआ था, जिसके बाद 31 मई को बैंक मैनेजर सहित चार अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया था। अब बैंक के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर ने पुष्टि की है कि सभी जरूरी दस्तावेज





ईडी को सौंप दिए गए हैं और एजेंसी ने आधिकारिक रूप से जांच शुरू कर दी है।

**28 करोड़ की गड़बड़ी और फर्जी खाते:** जांच में सामने आया कि शंकरगढ़ और कुसमी शाखाओं में करीब ₹28 करोड़ की हेराफेरी हुई। तत्कालीन कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देश पर हुई जांच में बैंक मैनेजर अशोक कुमार सोनी द्वारा फर्जी खाते खोलकर राशि निकासी और ऑनलाइन ट्रांसफर का खुलासा हुआ। इस घोटाले में किसानों के केसीसी, मनरेगा और पंचायत निधि का दुरुपयोग किया गया।

**नया फर्जीवाड़ा भी आया सामने:** मुख्य घोटाले के बीच केरजू सहकारी समिति में भी ₹1.93 करोड़ का नया फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। यहां 127 किसानों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर लोन निकाला गया। मामले में अब तक 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि चार अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है।

## दुनिया की पहली 'महिला स्पेशल' ट्रेन सेवा ने 34 साल पूरे किए





**नई दिल्ली,** (हि.स.)

भारतीय रेलवे ने महिलाओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुनिया की पहली 'महिला स्पेशल' ट्रेन सेवा के 34 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। इस सेवा की शुरुआत 5 मई 1992 को मुंबई में बढ़ती महिला यात्रियों की जरूरतों को देखते हुए की गई थी।रेल मंत्रालय के अनुसार, यह सेवा अब मुंबई उपनगरीय रेल नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। 1990 के दशक में बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं रोजाना उपनगरों से यात्रा करने लगी थीं, जिसके बाद पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट से बोरीवली के बीच पहली महिला स्पेशल ट्रेन शुरू की थी, जिसे बाद में विरार तक बढ़ाया गया।वर्तमान में पश्चिम रेलवे 10 महिला स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, जो पीक आवर्स में अप और डाउन दोनों दिशाओं में संचालित होती हैं। यह सेवा महिलाओं के लिए सुरक्षित, आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा का मजबूत माध्यम बनी हुई है।

# मुंगेर-भागलपुर गंगा पथ पर बनेगा मरीन ड्राइव कार्य शीघ्र शुरू कराने मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

**पटना,** (हि.स.) मुंगेर से भागलपुर के बीच प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित गंगा पथ परियोजना को लेकर मंगलवार देर शाम बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में परियोजना के कार्यों में तेजी लाने, भू-अर्जन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने तथा एलाइनमेंट को अंतिम रूप देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और सुगम यातायात के लिए गेम चेंजर साबित होगी।





**एयरपोर्ट और कनेक्टिविटी पर भी फोकस:** मुख्यमंत्री ने मुंगेर एयरपोर्ट के विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि यहां नाइट लैंडिंग की सुविधा भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गंगा पथ परियोजना को इस प्रकार डिजाइन करने को कहा कि यह सुरक्षा बांध के रूप में भी कार्य करे और शहर की संरचना को मजबूत बनाए। साथ ही अधिक से अधिक पुलों और सड़कों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

**परियोजना का स्वरूप और तकनीकी विवरण:** प्रस्तावित मुंगेर-सुल्तानगंज गंगा पथ परियोजना गंगा नदी के समानांतर विकसित की जा रही 4-लेन कॉरिडोर है।इसकी कुल लंबाई 42 किलोमीटर होगी, जिसमें लगभग 30.12 किमी एट-ग्रेड और 11.88 किमी एलिवेटेड हिस्सा शामिल है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के तहत 5327 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही है, जिसमें 40 प्रतिशत निवेश सरकार और 60 प्रतिशत निजी भागीदारी से होगा। निर्माण अवधि 4 वर्ष निर्धारित की गई है।

**स्थल निरीक्षण और धार्मिक कार्यक्रम:** समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बबुआघाट पर परियोजना स्थल का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय के पादुका दर्शन आश्रम में स्वामी निरंजनानंद सरस्वती से भेंट की और भगवान तिरुपति बालाजी की आरती में शामिल होकर राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने खगड़िया का दौरा किया तथा सुल्तानगंज स्थित मां कात्यायनी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही उन्होंने भागलपुर के विक्रमशीला पुल का हवाई निरीक्षण भी किया।

**गंगा पथ परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक:** मुंगेर के बबुआघाट पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित मुंगेर-भागलपुर गंगा पथ परियोजना के सभी अटके कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भू-अर्जन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।
मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परियोजना का एलाइनमेंट इस तरह तैयार किया जाए कि स्थानीय नागरिकों को कम से कम परेशानी हो और शहरी विकास को नई दिशा मिल सके।

**नए शहर और औद्योगिक क्षेत्र की योजना पर जोर:** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मुंगेर से बरियारपुर के बीच उपयुक्त स्थल चिन्हित कर एक नए शहरी क्षेत्र के विकास की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग से भूमि चिन्हित करने पर भी बल दिया गया।
उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह क्षेत्रीय औद्योगिक और शहरी विकास का आधार बने।

# वियतनाम के राष्ट्रपति का गयाजी में मुख्यमंत्री ने किया स्वागत, महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पटना,** (हि.स.) वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम का मंगलवार को बोधगया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर भव्य स्वागत किया गया।बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल सैयद अता हसनैन भी उपस्थित रहे।

**गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मान:**एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति तो लाम को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त एवं सौहार्दपूर्ण वार्ता भी हुई।



**महाबोधि मंदिर में दर्शन और पूजा:** एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सड़क मार्ग से सीधे महाबोधि मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बुद्ध के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। राष्ट्रपति ने ध्यान भी लगाया और बौद्ध परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

**कड़े सुरक्षा इंतजाम** राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए गयाजी में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत सख्त रही। एयरपोर्ट से लेकर मंदिर तक पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और खुफिया एजेंसियों की तैनाती की गई थी। श्रद्धालुओं की गहन जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई।

**मुख्यमंत्री ने बताया ऐतिहासिक क्षण:** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गयाजी, जो ज्ञान और मोक्ष की भूमि है, वहां वियतनाम राष्ट्रपति का आगमन भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत करेगा। उन्होंने इसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से ऐतिहासिक क्षण बताया। अन्य बौद्ध स्थलों का भी दौरा प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति तो लाम अपने दौरे के दौरान बोधगया के अन्य प्रमुख बौद्ध स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। शहर में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और विदेशी प्रतिनिधिमंडल के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

**राष्ट्रपति तो लाम सड़क मार्ग से महाबोधि मंदिर पहुंचे और भगवान बुद्ध के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा ध्यान भी लगाया।**

**एयरपोर्ट पर उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।**

# जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश पहुंचे पार्टी कार्यालय,कार्यकर्ताओं से की बातचीत

**पटना,** (हि.स.)

■ **कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं ने नारों के साथ उनका अभिनंदन किया और पूरे माहौल में जोश एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।**

-----------------



जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार मंगलवार को पार्टी दफ्तर पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यालय परिसर में मौजूद कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ उनका भव्य स्वागत किया तथा पूरे परिसर में नारों की गूंज सुनाई दी।नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान नीतीश कुमार ने पूरे कार्यालय परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।
उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली।
इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री अशोक चैधरी, विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद रवींद्र प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, रत्नेश सदा सहित बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार में सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का 7 मई को होगा विस्तार,गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह

**पटना,** (हि.स.) बिहार की राजनीति में इन दिनों हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इस बहुप्रतीक्षित विस्तार को लेकर आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है।
बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष संजय सरावगी ने मंगलवार को जानकारी दी कि 7 मई को मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा, जिसमें कई बड़े राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक, समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति तय मानी जा रही है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जितन राम मांझी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है।सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा नए मंत्रियों के नाम लगभग तय कर लिए गए हैं। शपथ ग्रहण को लेकर गांधी मैदान में तैयारियां जोरों पर हैं। वहां एक भव्य मंच का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के लिए बैठने की व्यापक व्यवस्था की जा रही है।प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत योजना बनाई जा रही है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।
उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दो उपमुख्यमंत्रियों के साथ शपथ ली थी। तभी से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलें लगाई जा रही थीं, जो अब 7 मई को खत्म होने जा रही हैं।---------------

# बिहार के राज्यपाल ने किया गयाजी ओटीए का दौरा, कैडेट्स को सैन्य नेतृत्व पर दिया प्रेरक व्याख्यान

**पटना,** (हि.स.) बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त ) सैयद अता हसनैन ने मंगलवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) गयाजी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और ऑफिसर कैडेट्स को "सैन्य नेतृत्व की भावना" विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।
अपने संबोधन में राज्यपाल ने सैन्य जीवन में ईमानदारी, पेशेवर उत्कृष्टता, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक सफल सैन्य नेता वही होता है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहता है और टीम को सही दिशा में नेतृत्व प्रदान करता है।



भारतीय सेना में चार दशकों से अधिक के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने विभिन्न चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने के अपने अनुभवों से कैडेट्स को अवगत कराया। उन्होंने श्रीलंका, सियाचिन ग्लेशियर, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सेवा देने के दौरान मिली सीख को विस्तार से बताया।
इसके अलावा, उन्होंने अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में निभाई गई अपनी भूमिका का भी उल्लेख किया और बताया कि वैश्विक स्तर पर कार्य करते समय विविध परिस्थितियों में नेतृत्व कौशल का किस प्रकार उपयोग करना पड़ता है।
राज्यपाल ने कैडेट्स से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपने व्यक्तित्व में अनुशासन, समर्पण तथा नेतृत्व क्षमता का निरंतर विकास करें। उनके इस प्रेरक व्याख्यान से उपस्थित कैडेट्स और अधिकारियों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ।-

# मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज, प्रदेश कार्यालय में हुई अहम बैठक

**पटना,** (हि.स.)।पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में आगामी 7 मई को प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम की तैयारियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री के पहली बार बिहार आगमन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संगठनात्मक व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया।




**नेताओं की उपस्थिति और दिशा-निर्देश:** बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया और पूर्व मंत्री सह विधायक नीतीश मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित व सफल बनाने पर बल दिया। इसमें पार्टी के कई पूर्व मंत्री, विधायक, विधान पार्षद और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

**गांधी मैदान में भव्य आयोजन की तैयारी:** प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि ऐतिहासिक गांधी मैदान में होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारी चल रही है। इस अवसर पर लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा सहित एनडीए के कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। राज्यपाल मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

# बिहार : 24 घंटे में आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली से 24 लोगों की मौत, आश्रितों को आर्थिक मदद की घोषणा

**पटना,** (हि.स.) राज्य के अलग-अलग हिस्सों में सोमवार शाम से देर रात तक तेज आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में 07 बच्चों समेत कुल 24 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने अगले 48 से 72 घंटे बेहद संवेदनशील बताए हैं। राज्य सरकार ने मृतक आश्रित परिवारों को तुरंत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की है
राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सबसे ज्यादा गयाजी में 6 लोगों जान गई है। वहीं, पूर्वी-पश्चिमी चंपारण में भी 6 लोगों की मौत हुई है।
बीते सोमवार को देर शाम अचानक मौसम ने भयावह रूप ले लिया। आसमान काले बादलों से घिर गया। तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। राज्यभर में बिजली गिरने और पेड़ गिरने से 24 लोगों की मौत हो गई।
मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आकाशीय बिजली व आंधी-तूफान से हुई मौत पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने मृतक आश्रित परिवारों को तुरंत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए।
मौसम विभाग ने अगले 48 से 72 घंटे बेहद संवेदनशील



बताए हैं। मंगलवार को 18 जिलों सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर और अरवल में भारी बारिश और आकाशीय बिजली का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना समेत 10 जिलों में रेड अलर्ट लागू है।
इससे पहले, पटना में 39 मिलीमीटर और गया में सबसे अधिक 47 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वाल्मीकि नगर में 26.2 मिमी, मोतिहारी में 22.3 मिमी और समस्तीपुर में 19.5 मिमी, छपरा में 6.4 मिमी, डेहरी में 1.8 मिमी, बक्सर में 14.5 मिमी, समस्तीपुर के पूसा में 19.5 मिमी एवं अरवल में पांच मिमी वर्षा दर्ज की गई।

**किस जिले में कितनी मौत**

पटना जिले के बाढ़ में पेड़ और दीवार गिरने से 2 की मौत
पूर्वी चंपारण में 06 लोगों की मौत
गयाजी में 06 की मौत
औरंगाबाद में व्रजपात से 03 की मौत
रोहतास जिले में 01 की मौत
वैशाली के लालगंज में एक महिला और संदेश थाना क्षेत्र में एक युवक की मौत
सीतामढ़ी में 02 महिला की मौत
नालंदा में पेड़ टूटने से 02 की मौत।

# तैयारी का निरिक्षण : 19 मई को जिले के पंचायतों में लगेगा ''सहयोग शिविर : 14 प्रखंडों में होगा आयोजन

## डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश—18 मई तक आवेदन जमा करें!

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ 19 मई को ''सहयोग शिविर'' के आयोजन को लेकर ,जिले मे होगी पहली बड़ी पहल, प्रथम व तृतीय मंगलवार को पंचायतों में पहुंचेगी प्रशासनिक टीम,तैयारियों को लेकरडीएम ने किया स्थल निरीक्षण**





**▪ डीएम बोले—व्यवस्थाएं दुरुस्त करना हम सभी की जिम्मेदारी**

**▪ विभागवार पंजी संधारण और समय पर निष्पादन अनिवार्य**

**▪ पंचायत भवन/सरकार भवन में करें आवेदन, मौके पर होगा समाधान**

जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को पंचायत स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से ''सहयोग शिविर'' के आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने मंगलवार को विभिन्न प्रस्तावित शिविर स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आयोजन से सम्बंधित कई अहम दिशा-निर्देश दिए।

**हर माह दो बार लगेगा शिविर,**

जिला प्रशासन के अनुसार अब प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर ''सहयोग शिविर'' का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत 19 मई 2026 (मंगलवार) से होगी, जब जिले के 14 प्रखंडों की 14 चयनित पंचायतों में एक साथ शिविर लगाए जाएंगे।

**18 मई तक आवेदन जमा करने का मौका**

शिविर में अपनी समस्या रखने के इच्छुक नागरिक 18 मई 2026 तक अपने पंचायत के पंचायत सरकार भवन या पंचायत भवन में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि अधिकतम आवेदनों का निस्तारण शिविर से पहले ही कर लिया जाए।

**डीएम का सख्त निर्देश: पहले ही करें समस्याओं का निपटारा**

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का विभागवार पंजी संधारण किया जाए तथा सभी मामलों का निष्पादन शिविर तिथि से पहले हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि ''सहयोग शिविर'' केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा का प्रभावी माध्यम है।

**माइकिंग से होगा प्रचार, बेहतर सुविधाएं अनिवार्य**

डीएम ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए पंचायतों में माइकिंग के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही शिविर स्थल पर नागरिकों के लिए,बैठने की समुचित व्यवस्था,पर्याप्त प्रकाश,स्वच्छ शौचालय,हर हाल में सुनिश्चित किए जाएं।

**''जनता की सेवा ही प्राथमिकता''**

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि ''सहयोग शिविर'' का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर, त्वरित और पारदर्शी सेवा देना है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करना होगा।

**जागरूकता संदेश**

> **» ''सहयोग शिविर'' पहल न केवल प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करेगी, बल्कि गांव स्तर पर ही समस्याओं के समाधान का नया मॉडल भी स्थापित करेगी। अब देखना होगा कि यह पहल जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी साबित होती है।**

इया बहियाँ को लेकर जिला प्रशासन ने ''आपदा नहीं है भारी, यदि पूरी है तैयारी—सजग रहें, सतर्क रहें''का संदेश जारी किया है ।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन देकर इस पहल का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही प्राप्त करें।

**» 19 मई को इन पंचायतों में लगेगा ''सहयोग शिविर''**

जिला प्रशासन ने जिले के 14 प्रखंडों की चयनित पंचायतों की सूची जारी किया है जिसमे

- पूर्णिया पूर्व – चांदी
- केनगर – परोरा
- श्रीनगर – चनका
- कसबा – लखन
- जलालगढ़ – हंसी बैगमपुर
- बनमनखी – मोहनिया चकला
- बी.कोठी – बड़हरा
- भवानीपुर – बडहरी
- धमदाहा – मोगलिया पुरंदाहा पूर्व
- रुपौली – धूसर टिकापट्टी
- अमौर – दलमालपुर
- बैसा – शिशाबाड़ी
- बायसी – चरैयाँ
- डगरूआ – डगरूआ

# जमीन नामांतरण में गड़बड़ी पर सख्त एक्शन : राजस्व कर्मचारी निलंबित, सीओ पर विभागीय कार्रवाई

## ''जिला प्रशासन की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाईः पारदर्शिता और जवाबदेही पर फिर जोर''

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संकेत गया है कि प्रशासन अब राजस्व से जुड़े मामलों में लापरवाही या गड़बड़ी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल और कठोर कदम उठा रहा है, जिससे आम जनता का भरोसा मजबूत हो सके।**




जिला प्रशासन ने सरकारी कार्यों में अनियमितता और लापरवाही के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नामांतरण (म्यूटेशन) के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। नौलखी (बनमनखी) की आवेदिका उर्मिला देवी के परिवाद पर हुई जांच और सुनवाई के बाद राजस्व कर्मचारी रौशन कुमार को निलंबित कर दिया गया है, जबकि संबंधित अंचल अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**क्या है पूरा मामला?**

आवेदिका उर्मिला देवी ने अपनी जमीन से जुड़े नामांतरण वाद में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इस शिकायत पर 30 अक्टूबर 2025 को प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल द्वारा सुनवाई की गई। जांच में यह सामने आया कि अंचल कार्यालय बनमनखी में तैनात अंचल अधिकारी अजय कुमार रंजन और राजस्व कर्मचारी रौशन कुमार ने आवेदिका के पुत्र को एकमात्र वारिस मानते हुए नामांतरण आवेदन को उसी दिन स्वीकृत कर अनुशंसा पोर्टल पर दर्ज कर दिया।

**जांच में क्या पाया गया?**

मामले की सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित अधिकारियों ने बिना समुचित सत्यापन और प्रक्रिया का पालन किए जल्दबाजी में निर्णय लिया, जो नियमों के विपरीत था। इसे गंभीर लापरवाही और कदाचार मानते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की गई।

**क्या हुई कार्रवाई?**

आदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी सह समाहर्ता, पूर्णिया ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी रौशन कुमार को 27 अप्रैल 2026 से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुमंडल कार्यालय, बायसी निर्धारित किया गया है।

वहीं, अंचल अधिकारी अजय कुमार रंजन के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, बनमनखी को प्रपत्र 'क' में आरोप गठित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

**प्रशासन का सख्त संदेश**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और अनुशासन सर्वोपरि है। 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत किसी भी प्रकार की अनियमितता, कदाचार या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पूर्णिया में भाजपा की संगठनात्मक बैठक : बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियान पर जोर

## कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ कामाख्या मंडल में भाजपा का मासिक बैठक आयोजित, जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह; आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय**



धमदाहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कामख्या मंडल में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना रहा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलामंत्री नूतन गुप्ता शामिल हुईं। इस दौरान बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाने और नए सदस्यों को जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आने वाले दिनों में पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलामंत्री नूतन गुप्ता ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का मुख्य लक्ष्य अंत्योदय है और संगठन को निचले स्तर तक सशक्त बनाना आवश्यक है, ताकि हर कार्यक्रम में जनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का संकल्प भी लिया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिनंदन ठाकुर, विधानसभा संयोजक सुनील भगत, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कौशिक, सुदर्शन कुमार बब्बू, दिलीप कुमार, रविन्द्र मालाकार, लक्ष्मण पासवान, सुभाष झा सहित कामख्या मंडल की कोर कमिटी के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद के प्रवक्ता ने महंगाई पर सरकार को घेरा, गैस सिलिंडर मूल्य वृद्धि को बताया 'सर्जिकल स्ट्राइक'

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ सांसद के प्रवक्ता राजेश यादव ने कहा छोटे कारोबारियों पर बढ़ रहा बोझ, पेट्रोल-डीजल कीमतों में संभावित वृद्धि को लेकर दी चेतावनी**



पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के प्रवक्ता राजेश यादव ने देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बयान जारी कर , उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जनता की समस्याओं से दूर हैं।

सांसद के प्रवक्ता ने कमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमतों में एकमुश्त लगभग एक हजार रुपये की वृद्धि को छोटे होटल और खान-पान से जुड़े कारोबारियों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' बताया। उनका कहना है कि इस बढ़ोतरी से छोटे व्यवसायों की कमर टूट रही है और इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि बंगाल चुनाव परिणाम के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी तेजी से वृद्धि हो सकती है, जिससे आम लोग खुद को ठगा हुआ महसूस करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस के बाद घरेलू गैस सिलिंडर की कीमतों में भी बढ़ोतरी की संभावना है, जिससे महंगाई और बढ़ेगी।

राजेश यादव ने केंद्र सरकार की नीतियों को गरीब विरोधी बताते हुए कहा कि महंगाई की मार से छोटे दुकानदार और आम लोग दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो सांसद पप्पू यादव के नेतृत्व में सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा !

# झाल मूढ़ी खाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस, ढोल-नगाड़ों के साथ मनाई जीत की खुशी

**न्यूज़ स्केल कसबा,**

**▪ तीन राज्यों में जीत के बाद कसबा नगर में दिखा जश्न का माहौल, नेहरू चौक से सुपर मार्केट तक निकला जुलूस**



तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद कसबा नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज़ में जश्न मनाया। बंगाल में प्रधानमंत्री द्वारा झाल मूढ़ी खाने की चर्चा के बाद उसी तर्ज़ पर कसबा में भी कार्यकर्ताओं ने झाल मूढ़ी खाकर जश्न की शुरुआत की और इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य जुलूस निकाला।

इस जुलूस का नेतृत्व नगर भाजपा अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार उर्फ बमबम ने किया। जुलूस नेहरू चौक से शुरू होकर चांदनी चौक, महावीर चौक होते हुए सुपर मार्केट पहुंचकर समाप्त हुआ। पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री संजय कुमार मिर्धा मौजूद रहे। उनके साथ बिभू दयाल, मिहिर सिंह, विकास मंडल और मोती मंडल सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

जुलूस में अनिल चौरसिया, सुरेश कुमार (महामंत्री), राजेश कुमार, रेणु कुमारी (उपाध्यक्ष), मोती मिलाप, श्याम लाल आर्य, प्रीतम कुमार, सुशील ठाकुर, दीपक कुमार, आर्यन कुमार, मुकेश आर्य, कोकिल मंडल, हेमंत कुमार, ज्योतिष कुमार, घोलता ऋषि, कृष्णा देवी, मीरा झा, संजय कुमार, विकास मिश्रा और अन्य कई कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और जीत की खुशी को उत्साहपूर्वक मनाया।

# बारिश-बज्रपात से 13 ट्रांसफार्मर जले, 11 बदले गए—शेष को जल्द बदलने का निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ बिजली आपूर्ति सुधार पर जोर, कस्टमर केयर नंबर सुदृढ़—उपभोक्ताओं से शिकायत दर्ज कराने की अपील**




जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर विद्युत विभाग ने जिले में हालिया बारिश और बज्रपात से प्रभावित विद्युत आपूर्ति की गहन समीक्षा की। इस क्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता, पूर्णिया पश्चिमी एवं पूर्वी द्वारा संयुक्त रूप से सभी कनीय एवं सहायक विद्युत अभियंताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल पूर्णिया श्री बासुकी शंकर भी उपस्थित रहे।

बैठक में विगत 4 मई की रात हुई मूसलाधार बारिश और बज्रपात से उत्पन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, पूरे जिले में 13 घरेलू ट्रांसफार्मर जल गए थे, जिनमें से 11 को तत्काल बदल दिया गया है, जबकि शेष ट्रांसफार्मरों को भी अगले दिन तक बदलने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं कुटीर ज्योति योजना के तहत उपभोक्ताओं के परिसरों में सोलर सिस्टम लगाने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को इस दिशा में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य तेज करने का निर्देश दिया गया।

आगामी गर्मी और बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए 33 केवी एवं 11 केवी लाइनों के सुदृढ़ीकरण और नियमित रख-रखाव पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, जले हुए ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने के निर्देश दिए गए हैं।उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पूर्णिया के दोनों विद्युत आपूर्ति प्रमंडलों में कस्टमर केयर व्यवस्था को मजबूत किया गया है। अब प्रत्येक प्रमंडल में दो-दो दूरभाष नंबर संचालित किए जा रहे हैं, जिन पर उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# पूर्णिया में एलपीजी गैस की स्थिति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**▪ जिला प्रशासन ने कहा—घबराने की जरूरत नहीं, नियमित हो रही होम डिलीवरी**



जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। मंगलवार को जिले में 8816 उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की मांग की, जिसके विरुद्ध 7376 सिलेंडरों का वितरण विभिन्न एजेंसियों द्वारा किया गया। वहीं एजेंसियों के गोदामों में अभी भी 15372 गैस सिलेंडर सुरक्षित उपलब्ध हैं।

अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री रविशंकर उरांव ने बताया कि गैस एजेंसियां पूर्व की तरह नियमित रूप से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी सेवा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि करीब 25 दिनों की निर्धारित है।

जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में अनावश्यक बुकिंग या गैस एजेंसियों के काउंटर पर भीड़ न लगाएं। नियमानुसार बुकिंग करने पर समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317 एवं 242320 पर संपर्क कर सकते हैं, जहां त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

# केनगर पंचायत के परोरा में डीएम का औचक निरीक्षण, योजनाओं की प्रगति पर कड़ी नजर

## आरटीपीएस, हेल्थ सेंटर से लेकर जनगणना 2027 तक की समीक्षा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने सुपरवाइजर और प्रगणकों से जनगणना 2027 की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रतिदिन कम से कम 25 मकानों का गुणवत्तापूर्ण सूचीकरण सुनिश्चित किया जाए।**





जिलाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने मंगलवार को के० नगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत परोरा का क्षेत्रीय भ्रमण कर पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान आरटीपीएस काउंटर, सहयोग शिविर, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, जनगणना 2027 की प्रगति, पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण तथा आंगनबाड़ी केंद्र सहित विभिन्न योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया।

**जनगणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर और प्रगणकों से जनगणना 2027 की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रतिदिन कम से कम 25 मकानों का गुणवत्तापूर्ण सूचीकरण सुनिश्चित किया जाए।

**आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण व्यवस्था पर जोर**

आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में बच्चों के खान-पान, पोषण, ग्रोथ वेट मशीन आदि की जांच की गई। सेविका और सहायिका को निर्देश दिया गया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाए और पोषण ट्रैकर ऐप पर रोजाना डेटा अपलोड किया जाए।

**पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण में लापरवाही पर नाराजगी**

पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर लंबित मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**19 मई के सहयोग शिविर की तैयारी तेज करने का निर्देश**

आगामी 19 मई को प्रस्तावित सहयोग शिविर की समीक्षा करते हुए डीएम ने शिविर स्थल पर बैठने, पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही माइकिंग के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।

**अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के० नगर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया और सरपंच मौजूद रहे।

**प्रशासन की सख्ती,**

योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर फोकस डीएम के इस निरीक्षण से साफ संकेत है कि प्रशासन अब जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

**» डीएम ने पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण, आंगनबाड़ी केंद्र सहित विभिन्न योजनाओं की स्थिति का जायजा लिया।**
**» आगामी 19 मई को प्रस्तावित सहयोग शिविर की समीक्षा**
**» योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर फोकस**

---

## सांसों की डोर को मजबूती देगा जागरूकता और सही उपचार,

# जीएमसीएच में एपीआई ने किया विश्व अस्थमा दिवस पर अस्थमा डिडेक्सन व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- **डॉ. आर.के. मोदी, डॉ. देवी राम, डॉ. यू.बी. सिंह और डॉ. अजय कुमार ने दी इनहेलर के सही उपयोग की सलाह**




राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच), पूर्णिया और एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर एक विशाल जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जीएमसीएच के प्राचार्य डॉ. एच.एस. मिश्रा, अधीक्षक डॉ. संजय कुमार, एपीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. देवी राम, बिहार चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. आर.के. मोदी, पूर्णिया अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, सचिव डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. एसपी सिंह और डॉ. यू बी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान 'अस्थमा डिटेक्शन एंड अवेयरनेस मेगा कैंप' के माध्यम से बड़ी संख्या में आए मरीजों की निःशुल्क पीएफटी और फेनो जांच की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एपीआई बिहार चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. आर.के. मोदी ने कहा कि अस्थमा के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है, ताकि मरीज बिना डरे सही इलाज ले सकें।

एपीआई के राष्ट्रीय कार्याकारणी सदस्य वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. देवी राम ने अपने संबोधन में बढ़ते वायु प्रदूषण को फेफड़ों के लिए गंभीर खतरा बताया और लोगों को धूल-धुएं से बचने की सलाह दी।

चेस्ट व टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. यू.बी. सिंह ने घर पर नेबुलाइजेशन और इनहेलर के सुरक्षित उपयोग के महत्व को साझा करते हुए कहा कि आपात समय में यह जीवन रक्षक साबित होता है। वहीं, पूर्णिया चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इनहेलर की पहुंच हर जरूरतमंद तक सुनिश्चित करना इस वर्ष की मुख्य प्राथमिकता है, क्योंकि यह दवा सीधे फेफड़ों तक पहुँचकर तत्काल राहत देती है।

जीएमसीएच के प्राचार्य डॉ. एच.एस. मिश्रा और अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि अस्पताल प्रशासन मरीजों को हर संभव आधुनिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर है।

एपीआई के सचिव डॉ. प्रवीण कुमार सिंह और डॉ. एस.पी. सिंह ने भी अस्थमा नियंत्रण के लिए नियमित चेकअप और सही तकनीक से इनहेलर लेने पर जोर दिया। इस शिविर में विशेषज्ञों ने मरीजों को दवा लेने के तरीके सिखाए और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में डॉ सादिक, डॉ तारकेश्वर, डॉ पंकज कुमार, डॉ अमर कुमार अमृत, डॉ श्याम किशोर डॉ बिनोद डॉ आदिल अजमल , डॉ प्रेम प्रकाश,मेडिकल कॉलेज के कई वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल छात्रव छा, कर्मचारी और सैकड़ों मरीज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लूपीन के समीर सिंह भदौरिया, डॉ सुमित आनन्द, राहुल कुमार, कुन्दन, विजय,वारिन्द्र, शशिकांत ,सोनु, विश्वजीत ,आकाश आदि उपस्थित थे।

---

# मोदो साह महिला कॉलेज में जलजमाव, खतरे की आशंका; नगर परिषद को दिया आवेदन

**न्यूज़ स्केल कसबा**



(फोटोः निर्माणाधीन बांध का दृश्य)

कसबा नगर परिषद क्षेत्र स्थित मोदो साह महिला एस.एस. स्कूल (महिला कॉलेज) प्रशासन ने विद्यालय परिसर के आस पास जल जमाव से सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल पर जलजमाव का संकट मंडराने कि आशंका जतायी है। इस सम्बन्ध मे कॉलेज प्रशासन ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर कॉलेज की जमीन पर किए जा रहे कथित अवैध कलवर्ट (पुलिया) निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

**आवेदन में गंभीर आरोप**

कॉलेज के प्राचार्य द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि कॉलेज के पूर्वी बांध की जमीन पर बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के कलवर्ट का निर्माण किया जा रहा है। प्राचार्य के अनुसार, इस निर्माण कार्य से पानी के बहाव का रुख बदलकर सीधे कॉलेज परिसर की ओर किया जा रहा है, जो भविष्य में बड़ी समस्या बन सकता है।

**शिक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य पर असर की आशंका**

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बरसात और बाढ़ के दौरान नाले का गंदा पानी कॉलेज परिसर में जमा हो सकता है। इससे छात्राओं के पठन-पाठन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और शैक्षणिक गतिविधियां बाधित होंगी। साथ ही, जलजमाव से मच्छरजनित व अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है।

**वैकल्पिक व्यवस्था की मांग**

कॉलेज प्रशासन ने अपने आवेदन में मांग की है कि प्रस्तावित कलवर्ट को वर्तमान स्थान से हटाकर उत्तर दिशा की ओर स्थित रास्ते के रूट पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि पानी की निकासी सुचारू बनी रहे और कॉलेज परिसर सुरक्षित रह सके। उन्होंने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

**प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार**

फिलहाल कॉलेज प्रशासन नगर परिषद की कार्रवाई का इंतजार कर रहा है। बरसात के मौसम से पहले समाधान नहीं होने पर समस्या और विकराल होने की आशंका जताई जा रही है।

---

# झूलते बिजली तार से करंट लगने पर दुधारू गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**न्यूज़ स्केल हरदा**



मरंगा थाना क्षेत्र के मुर्गी फार्म टोला, नगर निगम वार्ड-9 में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। झूलते बिजली तार की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की करंट लगने से मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक राजू सोरेन (पिता कांत लाल सोरेन) ने मरंगा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई और उचित मुआवजे की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में 11 हजार और 440 वोल्ट के कई तार खुले और झूलते हुए हैं, जिससे पहले भी हादसे हो चुके हैं। घनी आबादी वाले इस इलाके में लंबे समय से तारों को कवर कराने की मांग की जा रही है, लेकिन विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

वार्ड-9 के पार्षद स्वपन घोष ने बताया कि कई बार विभाग को अवगत कराया गया, बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश है।

---

# सरसी थाना पुलिस ने देशी कट्टा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले के सरसी थाना पुलिस ने दिनांक 04 मई 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक देशी कट्टा बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुडु पांडेय (50 वर्ष), पिता स्वर्गीय रामाशीष पांडेय, निवासी बेला वार्ड संख्या-04, थाना सरसी, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा गया। बरामद हथियार को जब्त कर लिया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरसी थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ,

---

# चकमका ओपी पुलिस की कार्रवाई, 51.77 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**



जानकीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकमका ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल, 51.77 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सिकंदर आलम (19 वर्ष), पिता मजेबुल आलम, निवासी सोहराजाबर वार्ड संख्या-08, थाना बायसी, जिला पूर्णिया के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अभियुक्त संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था, जिसके बाद छापेमारी कर उसे धर दबोचा गया।

चकमका ओपी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आगे की कार्रवाई जारी है।

---

# सरसी थाना पुलिस की कार्रवाई : 1.725 किलो गांजा, नकद और मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल सरसी**




सरसी थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान कार्रवाई करते हुए 1.725 किलोग्राम गांजा, 28,540 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान माधव कुमार (23 वर्ष), पिता शंकर सिंह, निवासी गमला टोल, वार्ड संख्या-01, थाना सरसी, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, नियमित गश्ती के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर तलाशी ली गई, जिसमें उक्त बरामदगी हुई। इसके बाद मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पुलिस द्वारा बरामद सामान को जब्त करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भी जांच कर रही है।

---

# राजमार्ग-99 पर जलजमाव से रौटा बाजार बेहाल, राहगीरों व दुकानदारों की बढ़ी परेशानी

**बैसा(पूर्णियां)**



रौटा बाजार से होकर गुजरने वाले राजमार्ग-99 पर जलजमाव की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। सड़क पर लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलकर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पैदल चलने वालों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय समाजसेवी प्रेमनाथ भगत, पैक्स अध्यक्ष अख्तर हुसैन व अन्य लोगों ने बताया कि हल्की बारिश में भी स्थिति बदतर हो जाती है। सड़क किनारे नाला होने के बावजूद जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे पानी सड़क पर फैल जाता है। दुकानदारों का कहना है कि इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है।

---

# स्नातक थर्ड सेमेस्टर परीक्षा का नौवां दिन शांतिपूर्ण, 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**न्यूज़ स्केल हरदा,**



परमानंद सावित्री डिग्री कॉलेज, हरदा में स्नातक थर्ड सेमेस्टर परीक्षा के नौवें दिन परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित की गई, जिसमें कुल 473 परीक्षार्थियों में से 465 उपस्थित रहे, जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

केन्द्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. हेमलता कुमारी ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन द्वारा कदाचार रोकने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है।

प्राचार्य डॉ. शिव कुमार ने जानकारी दी कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। पूरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष जताया।

---

## बंगाल जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर

**न्यूज़ स्केल हरदा,**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। नगर निगम क्षेत्र के सजल दास और बोबी दास ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है। कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक परिवर्तन बताते हुए कहा कि इससे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जिले भर में जश्न का माहौल

# बैठक : प्रधान लिपिकों की बैठक में डीएम के सख्त निर्देश, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर

## रोकड़ पंजी अद्यतन रखने, जनगणना कार्यों की निगरानी और जनता दरबार के मामलों में तेजी लाने का निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में महानंदा सभागार में प्रधान लिपिकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।





**वित्तीय अनुशासन पर सख्ती**

बैठक में डीएम ने सभी कार्यालयों को रोकड़ पंजी अद्यतन रखने का निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या त्रुटि पाए जाने पर तत्काल जिला स्थापना शाखा को सूचित किया जाए।

**लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश**

जिलाधिकारी ने न्यायालयों में लंबित वाद, CM डैशबोर्ड, CPGRAM तथा जनता दरबार से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

> जनता से जुड़े मामलों जैसे CM डैशबोर्ड, CPGRAM, न्यायालयी वाद, नामांतरण व परिमार्जन कार्यों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**जनगणना व शिविर कार्यों में तेजी**

अपर समाहर्ता को क्षेत्र भ्रमण कर जनगणना कार्यों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रखंड स्तर पर संचालित पंचायत सहयोग शिविर और पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण कार्यों की दैनिक समीक्षा कर गति बढ़ाने को कहा गया।

> जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी कार्यालयों को वित्तीय अनुशासन बनाए रखने, रोकड़ पंजी अद्यतन करने तथा किसी भी अनियमितता पर तत्काल सूचना देने के सख्त निर्देश दिए गए।

**अंचल कार्यालयों को विशेष निर्देश**

अंचल कार्यालयों को नामांतरण, परिमार्जन एवं ई-मापी से संबंधित लंबित मामलों का अविलंब निष्पादन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनता दरबार के मामलों को प्राथमिकता देने को कहा गया।

**न्यायालय कार्यों की नियमित समीक्षा**

डीएम ने अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी को न्यायालयों में नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला विधि शाखा को न्यायालय कार्यों के अवलोकन की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**कार्यालयी कार्यों में आ रही समस्याओं पर चर्चा**

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यालयों के कार्य निष्पादन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अपर समाहर्ता श्री रवि राकेश, स्थापना उपसमाहर्ता श्री इन्द्रजीत कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# खेल विश्वविद्यालय राजगीर में नामांकन की तिथि बढ़ी, अब 15 मई तक करें आवेदन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। जिला जनसंपर्क कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शारीरिक शिक्षा एवं खेल में स्नातक (BPES), खेल प्रशिक्षण में स्नाकोत्तर डिप्लोमा (PGDSC) तथा खेल प्रबंधन में स्नाकोत्तर डिप्लोमा (PGDSM) पाठ्यक्रमों के लिए 08 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है।

विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नामांकन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 मई 2026 कर दिया गया है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

जिला प्रशासन ने कहा है कि खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है, अतः समय सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए आवेदन करना सुनिश्चित करें।

# मिट्टी बचेगी तो खेती सजेगी : कठैली में किसानों ने ली संतुलित उर्वरक उपयोग की शपथ

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

- मृदा परीक्षण, जैविक खेती और फसल विविधीकरण पर जोर; वैज्ञानिकों ने असंतुलित उर्वरक के खतरों से किया आगाह



मंगलवार को जलालगढ़ प्रखंड के ग्राम कठैली में किसानों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र जलालगढ़ एवं जिला कृषि कार्यालय पूर्णिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें सतत् एवं संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी श्री हरिद्वार प्रसाद चौरसिया, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. के. एम. सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पटना से आए पौधा प्रजनन एवं आनुवंशिकी विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार तथा सस्य वैज्ञानिक डॉ. गौस अली सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

जिला कृषि पदाधिकारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग अपनाना चाहिए, ताकि फसलों की जरूरत के अनुसार पोषक तत्व मिल सके और भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहे। उन्होंने समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक खेती, जैव उर्वरकों के उपयोग और हरी खाद जैसे मूँग, ढैंचा, सनई के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

डॉ. के. एम. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बिना मृदा जांच के उर्वरकों का प्रयोग किसानों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग ही बेहतर उत्पादन की कुंजी है।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी कि असंतुलित उर्वरक उपयोग से मृदा की गुणवत्ता घटती है, रोग और कीटों का प्रकोप बढ़ता है, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। साथ ही, इसका दुष्प्रभाव पर्यावरण और पशुधन पर भी पड़ता है। पोषक तत्वों की कमी वाले चारे के कारण पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन में गिरावट देखने को मिल रही है।

कार्यक्रम के अंत में किसानों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने संतुलित उर्वरक उपयोग को अपनाने और इसके प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

# अमौर : पंचायत चुनाव 2026 की तैयारी तेज, प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का प्रारंभिक प्रकाशन

**न्यूज़ स्केल अमौर**

बिहार में पंचायत आम निर्वाचन 2026 को लेकर प्रशासनिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में अमौर प्रखंड में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (प्रपत्र-1) का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी राजा राम पंडित ने बताया कि इस प्रकाशन के आधार पर ही वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और मुखिया पद के लिए आरक्षण रोस्टर तैयार किया जाएगा। आम जनता की सुविधा के लिए इस सूची को प्रखंड कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया गया है।



**महत्वपूर्ण तिथियाँ और प्रक्रिया:**

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए प्रशासन ने निम्नलिखित समय-सीमा निर्धारित की है:

प्रारंभिक प्रकाशन: 04 मई 2026,दावा एवं आपत्ति: यदि किसी को सूची में कोई त्रुटि नजर आती है, तो वे प्रखंड कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं।

सुनवाई की अवधि: 11 मई से 29 मई 2026 तक प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई की जाएगी।

संशोधन व अंतिम प्रकाशन: 05 जून 2026 को प्रपत्र-1 का अंतिम प्रकाशन होगा।

जिला गजट में प्रकाशन: 09 जून 2026 को अंतिम आंकड़ों को जिला गजट में प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करने की सुविधा:**

BDO ने बताया कि जो लोग कार्यालय नहीं आ सकते, वे राज्य निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भी अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं:

sec.bihar.gov.in/Prapatra1_ClaimObjection2026

प्रशासन का मुख्य लक्ष्य पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है ताकि आगामी पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण और त्रुटिहीन तरीके से पूरे हो सकें।

# भवानीपुर में अवैध क्लीनिक पर छापेमारी, नवजात शिशु बरामद; क्लीनिक सील, FIR के निर्देश

**न्यूज़ स्केल भवानीपुर**

भवानीपुर नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम की, सूचना मिलने पर धमदाहा अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम के नेतृत्व में भवानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार उपरोझिया की टीम ने सवेरा नर्सिंग होम पर औचक छापेमारी की।



छापेमारी के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। नर्सिंग होम में बिना किसी योग्य चिकित्सक और नर्स की उपस्थिति के एक नवजात शिशु को रखा गया था। साथ ही वहां आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अभाव पाया गया। स्थिति को गंभीर मानते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के सहयोग से नवजात को तुरंत बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया गया।

जांच में सवेरा नर्सिंग होम कई वर्षों से बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रहा था। यहां मरीजों के इलाज के नाम पर नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी।

अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। साथ ही संबंधित संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# कार्यालय परिचारी इंदु झा के आकस्मिक निधन से बड़हरा कोठी प्रखंड कार्यालय में शोक की लहर,

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी**




बड़हरा कोठी प्रखंड मुख्यालय में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में कार्यरत कार्यालय परिचारी इंदु झा के आकस्मिक निधन की खबर सामने आई।इस दुखद सूचना से प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मर्माहत हो उठे।

निधन की सूचना मिलते ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कैलाशपति मिश्र के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

मिली जानकारी के अनुसार, अररिया जिले के भरगामा प्रखंड निवासी इंदु झा वर्ष 2018 से बड़हरा कोठी प्रखंड कार्यालय में कार्यालय परिचारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे प्रखंड परिसर स्थित अपने आवास पर वह अचानक गिरकर बेहोश हो गए।

घटना के बाद परिजनों एवं कार्यालय कर्मियों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हराकोठी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जीएमसीएच रेफर कर दिया। जीएमसीएच में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन से प्रखंड कार्यालय में शोक का माहौल है और सभी कर्मियों ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ एवं मिलनसार व्यक्ति के रूप में याद किया।

# माह के तीसरे मंगलवार को लगेगा 'सहयोग शिविर', पंचायत स्तर पर होगा शिकायतों का समाधान

**न्यूज़ स्केल बैसा (पूर्णियां)**

- "सहयोग शिविर :बीडीओ राजकुमार चौधरी ने रौटा पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक



आम लोगों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर 19 मई 2026 को माह के तीसरे मंगलवार के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की चयनित पंचायतों में "सहयोग शिविर" आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि लोगों को बार-बार प्रखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इस संबंध में बीडीओ राजकुमार चौधरी ने रौटा पंचायत भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बताया कि शिविर में राजस्व, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, आवास योजना, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को शिविर की जानकारी दें, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर हो सके।

# आरक्षी मध्य विद्यालय, पूर्णिया में शिक्षकों की बैठक : 'मार्क ऑन ड्यूटी' की व्यवस्था लागू करने की मांग, 9 मई को आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन की चेतावनी

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

- " जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को दोहरी जिम्मेदारी से राहत देने, लंबित वेतन-एरियर भुगतान सहित विभिन्न मांगों पर जोर



मंगलवार को आरक्षी मध्य विद्यालय, पूर्णिया में शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पवन कुमार जायसवाल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें कठिनाई हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए उनके लिए "मार्क ऑन ड्यूटी" की व्यवस्था लागू करने की मांग की गई।

इस अवसर पर राज्य उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष अनवार करीम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपनाई जा रही है, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में शिक्षक एक साथ दो-दो कार्यों का निष्पादन कैसे कर सकते हैं, इस पर शिक्षा विभाग को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

बैठक में यह भी कहा गया कि शिक्षक पहले से ही कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें SIR कार्य का क्षतिपूर्ति अवकाश, HT का बकाया अंतर वेतन भुगतान, वित्तीय उन्नयन, एरियर भुगतान तथा विशिष्ट एवं नियोजित शिक्षकों का लंबित भुगतान शामिल है।

यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संघ ने चेतावनी दी है कि 09/05/2026 को जिले के सैकड़ों शिक्षक आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। इसकी लिखित सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी जा चुकी है।

बैठक में जिला कोषाध्यक्ष घनानंद मंडल, नगर अध्यक्ष अभिषेक पंकज, बैद्यनाथ सिंह, गुरुदेव राम, हरीशंकर दास, अरुणाभ मिश्रा, बिनोद बिहारी, विमल दास, रौशन कुमार, मसूद आलम, वादिम अख्तर, पंकज जायसवाल, श्याम कुमार, भारत कुमार राजक, संतोष मिश्रा, संजय यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को परिणाम आधारित बनाने पर जोर, डीएम ने की व्यापक समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल किशनगंज**



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक लाभार्थियों तक प्रभावी और सुलभ रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली को अब पूरी तरह परिणाम आधारित बना दिया है। इसी क्रम में आज जिला पदाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में आयोजित विस्तृत समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत योजना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं की प्रगति केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका वास्तविक प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए प्रत्येक प्रखंड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने पर जोर दिया। समीक्षा में यह भी सामने आया कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अपेक्षित स्तर तक नहीं है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कमजोर कड़ियों की पहचान कर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि जिले का कोई भी व्यक्ति गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। बैठक में सिविल सर्जन, विभिन्न कार्यक्रमों के जिला समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित समीक्षा और फील्ड मॉनिटरिंग जारी रहेगी।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में 'सहयोग शिविर', जनगणना 2027 और पेट्रोलियम आपूर्ति पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

**अररिया** (हि.स.)। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान "सहयोग शिविर", "भारत जनगणना 2027" की तैयारियों तथा LPG गैस एवं पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई।



जिलाधिकारी ने बताया कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सभी प्रखंडों में नियमित रूप से "सहयोग शिविर" आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आधार, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविरों में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

"भारत जनगणना 2027" के संदर्भ में जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक व्यापक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गणना कार्य की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने हेतु कर्मियों का प्रशिक्षण एवं संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है।


इसके साथ ही LPG गैस एवं पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। आपूर्ति श्रृंखला की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीएम की मांग पर पूर्व मध्य रेलवे ने उपलब्ध कराई ट्रेन

**भागलपुर,** (हि.स.)। विक्रमशिला सेतु पर यातायात अवरुद्ध हो जाने के उपरांत 4 मई को ही जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर को भागलपुर जिले को नवगछिया, खगड़िया, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा एवं अन्य जिलों से जोड़ने वाली एक-दो ट्रेन चलाने की मांग की गई थी।

पूर्व मध्य रेलवे द्वारा उक्त मांग के आलोक में एक विशेष ट्रेन (समर स्पेशल) सरायगढ़ से देवघर तक, भागलपुर होते हुए, मुहैया कराई गई है। यह ट्रेन सरायगढ़ से पूर्वाह्न 3:05 बजे प्रस्थान करेगी, मुंगेर



EAST CENTRAL RAILWAY
HAJIPUR
NOTIFICATION NO- SPL/111/2026-27

No: ECR/OPT/510/ Special/Pt-XX (2026-27) Dated: -05.05.26

Divisional Railway Manager
East Central Railway
Danapur, Dhanbad, Sonpur, Samastipur& Pt. DeenDayal Upadhyaya

Sub: - Running of 05573/74 SRGR- DGHR -SRGR **unreserved** special train (TOD)
Ref: - Railway board msg no. 26/CMC/06 Dated-04.05.26
CPTM/ER cois msg no. TT.548/Summer Special/2026 Dated-04.05.26

In view of summer rush, East central railway will run following special train to clear extra rush of passengers as detailed below:

**05573/05574 SRGR- DGHR -SRGR Special** TOD

| | Date of run |
|---|---|
| 05573 Ex – SRGR(DAILY) | 07.05.26 to 31.05.26 = 25 Trips |
| 05574 Ex- DGHR (DAILY) | 07 .05.26 to 31.05.26 = 25 Trips |
| Composition | MEMU RAKE |
| Primary Maintenance | JAJ |
| Train Manager | SRGR-BGP-SRGR BY SPJ DIV. & BGP-DGHR-BGP BY ER |
| Category | Express TOD |

Timings & Stoppages

| 05573 SRGR-DGHR Arr. | 05573 SRGR-DGHR Dep. | Station | 05574 DGHR-SRGR Arr. | 05574 DGHR-SRGR Dep. |
|---|---|---|---|---|
| -- | **03.05** | **SRGR** | **22.15** | -- |
| 03.21 | 03.23 | TB | 21.42 | 21.44 |
| 03.38 | 03.40 | SOU | 21.26 | 21.28 |
| 03.51 | 03.53 | GEB | 21.14 | 21.16 |
| 04.00 | 04.02 | PGC | 21.05 | 21.07 |
| 04.30 | 04.40 | SHC | 20.40 | 20.50 |
| 04.50 | 04.52 | SBM | 19.15 | 19.17 |
| 05.00 | 05.02 | SBV | 18.53 | 18.55 |
| 05.09 | 05.11 | KFA | 18.45 | 18.47 |
| 05.19 | 05.21 | DHT | 18.36 | 18.38 |
| 05.28 | 05.30 | BHB | 18.28 | 18.30 |
| 05.50 | 05.52 | MNE | 18.16 | 18.18 |
| 06.00 | 06.02 | KGG | 17.50 | 17.52 |
| 06.18 | 06.20 | SBDP | 17.25 | 17.27 |
| 06.40 | 06.45 | MGR | 16.25 | 16.30 |
| 07.03 | 07.05 | RPUR | 15.48 | 15.50 |
| 07.48 | 07.50 | SGG | 14.55 | 14.57 |
| 08.30 | 08.40 | BGP | 14.20 | 14.30 |
| 09.20 | 09.22 | BHLE | 13.10 | 13.12 |
| 10.10 | 10.12 | BAKA | 12.35 | 12.37 |
| **11.20** | --- | **DGHR** | --- | **11.35** |

6:45 बजे तथा भागलपुर 8:40 बजे पहुंचेगी और बांका 10:12 बजे तथा 11:20 बजे देवघर पहुंचेगी। देवघर से यह ट्रेन पूर्वाह्न 11:35 बजे खुलेगी तथा भागलपुर 2:20 अपराह्न, मुंगेर 4:25 बजे और सरायगढ़ रात्रि 10:15 बजे पहुंचेगी।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की चोरी की 44 बोरी चावल के साथ ट्रैक्टर जब्त,चार गिरफ्तार




**अररिया** (हि.स.)। अररिया आरएस थाना पुलिस ने राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना के लिए आवंटित चावल चोरी मामले का खुलासा किया है।मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर सहित 44 बोरी चावल और खाली जूट की 34 बोरे को बरामद किया।जानकारी मंगलवार शाम को एसपी जितेन्द्र कुमार ने दी।

एसपी जितेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक प्रबंधक सीएमआर गोदाम ने आरएस थाना में एक आवेदन देकर प्रखंड परिसर स्थित गोदाम संख्या 10 की दिवाल को तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की चावल चोरी करने का कांड संख्या 98/26 बीएनएस की धारा 305(5) के तहत दर्ज कराया था।मामले को लेकर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया था।

छापेमारी दल द्वारा सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए मामले में चार आरोपितों का शिनाख्त करते हुए उसे गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर 44 बोरा चावल,लाल रंग की महिंद्रा ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ 34 पीस खाली जूट का बोरा बरामद किया।गिरफ्तार हुए आरोपितों में आरएस थाना क्षेत्र के इटहरा वार्ड संख्या सात का रहने वाला 21 वर्षीय राहुल कुमार पिता संतोष विश्वास,24 वर्षीय अजय कुमार पिता बैजू सदा,शिवपुरी वार्ड संख्या नौ मछलीपट्टी के 52 वर्षीय गौरीशंकर सिंह पिता स्व.रामपरीक्षण और अररिया बाजार वार्ड संख्या 28 के 28 वर्षीय किशन कुमार पिता शिवनाथ प्रसाद हैं।वहीं छापेमारी दल में आरएस थानाध्यक्ष अंकुर,एसआई त्रिपुरारी कुमार,सौदागर कुमार,सिपाही प्रीतम कुमार और चौकीदार रामदेव पासवान शामिल रहे।

# NCORD बैठक में नशीले पदार्थों पर नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश

**न्यूज स्केल किशनगंज**



जिला पदाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में NCORD की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे, जहां नशीले पदार्थों की रोकथाम, आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण तथा संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर अभियान को और सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए।

# बिना वैध कागजात के भारत में गिरफ्तार चीनी नागरिक को भेजा गया जेल

**अररिया,** (हि.स.)। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जोगबनी इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (आईसीपी) पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक चीनी नागरिक को संदिग्ध हालात में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 41 वर्षीय झोउ ह्यून को मंगलवार को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, झोउ ह्यून चीन के हुनान प्रांत के चेंग टाउसन गांव का निवासी है। उसे सोमवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के आईसीपी कमांडर एवं उप निरीक्षक (सामान्य) सूरत सिंह चौहान और उनकी टीम ने जोगबनी आईसीपी परिसर से उस समय गिरफ्तार किया, जब वह बिना वैध दस्तावेजों के भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

गिरफ्तारी के बाद एसएसबी और खुफिया एजेंसियों ने उससे गहन पूछताछ की। इसके बाद सूरत सिंह चौहान के आवेदन पर जोगबनी थाना में कांड संख्या 117/26, दिनांक 04 मई 2026 को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट-2025 की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच की जिम्मेदारी अपर थानाध्यक्ष विष्णुकांत को सौंपी गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि झोउ ह्यून नेपाल में टूरिस्ट वीजा पर आया था और वहीं से बिना भारतीय वीजा के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। वह नेपाली नंबर की स्कूटी (बीए 54 पी 3711) से आईसीपी पहुंचा था। तलाशी के दौरान उसके पास से 600 रुपये भारतीय मुद्रा, 7,595 रुपये नेपाली मुद्रा, नागरिकता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, छह विभिन्न प्रकार के कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और तीन 5जी चीनी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। इन सामानों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके भारत आने के पीछे कोई अन्य उद्देश्य तो नहीं था।

# भागलपुर में नाव/जेटी परिचालन का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा और सुविधा पर जोर





**न्यूज स्केल भागलपुर**

जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बाबूपुर एवं बरारी घाट का दौरा कर बाबूपुर-महादेवपुर और बरारी-महादेवपुर के बीच संचालित नाव/जेटी सेवा का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने नावों पर यात्रियों की संख्या का भी निरीक्षण किया, ताकि क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने की स्थिति न बने।

**निःशुल्क सेवा और समय निर्धारण:** जिलाधिकारी ने बताया कि सरकारी नाव/जेटी का परिचालन प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निःशुल्क किया जा रहा है। इसके साथ ही निजी नावों के संचालन की भी अनुमति होगी, लेकिन उनके लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा और किराया प्रशासन द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

**बेहतर सुविधाओं का आश्वासन:** डीएम ने कहा कि जल्द ही कई स्थानों से भागलपुर के लिए अतिरिक्त नावों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे हर 5 से 10 मिनट पर नाव उपलब्ध हो सके। घाटों पर प्रकाश, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान:** वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक निगरानी के साथ-साथ सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ठाकुरगंज प्रखंड कार्यालय में जनगणना, सहयोग शिविर व 'ज्ञान भारतम मिशन' पर दी गई जानकारी

**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले में ठाकुरगंज प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अहमर अब्दाली की अध्यक्षता में आज स्थानीय मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।



बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। बैठक की शुरुआत 'ज्ञान भारतम मिशन' की जानकारी से हुई। बीडीओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से इस मिशन में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि लगभग 70-75 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों को डिजिटल माध्यम से संरक्षित किया जाना है। कागज, ताम्रपत्र, कपड़े आदि पर लिखित किसी भी भाषा की पुरानी सामग्री को ऐप के जरिए सुरक्षित किया जाएगा।

उन्होंने इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र होने के कारण नेपाली महिलाओं, जिनकी शादी भारतीय नागरिकों से हुई है, के नागरिकता प्राप्ति संबंधी प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इस विषय पर पूर्व में जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा चुके हैं। बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में 19 मई 2026 को प्रखंड की ग्राम पंचायत कुकरबाघी, पथरिया एवं रसिया में शिविर आयोजित होगा, जहां पंचायत भवन/मनरेगा भवन में आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन किया जाएगा।

बैठक में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण की जानकारी भी दी गई।

# अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती, थर्मोकॉल नावें नष्ट, प्राथमिकी दर्ज




**किशनगंज,** (हि.स.) जिले में अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सघन अभियान चलाया। जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त निर्देश पर बेलवा, टेंगरमारी से पोठिया डोक नदी क्षेत्र में छापेमारी की गई। अभियान के दौरान थर्मोकॉल से बनी नावों के जरिए अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी दर्जनों नावों को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जिनका उपयोग अवैध खनन में किया जा रहा था। इस दौरान अवैध खनन में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# पिकअप सहित 1215 किलो तस्करी के गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अररिया** (हि.स.)। जिले की घूरना और फुलकाहा थाना पुलिस ने एसएसबी के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मंगलवार अहले सुबह पथराहा के पास छापेमारी कर 1215 किलो तस्करी के गांजा के साथ एक पिकअप वाहन,एक मोटरसाइकिल,दो मोबाइल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

एसपी जितेन्द्र कुमार ने मंगलवार शाम आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। मामले को लेकर घूरना थाना में कांड संख्या 36/26 धारा 8,20(बी)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।मामले में पुलिस ने फुलकाहा पथराहा वार्ड संख्या 18 निवासी 20 वर्षीय सुभाष कुमार राम पिता दिलीप राम और सुपौल जिला के जदिया के वार्ड संख्या छह निवासी 23 वर्षीय राजकुमार यादव पिता स्व.मोहन प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया है।



छापामारी दल में फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा,एसएसबी कैंप घूरना,घूरना थानाध्यक्ष मुकेश कुमार,फुलकाहा थानाध्यक्ष विकास कुमार मौर्य के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सुपौल में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की समीक्षा बैठक आयोजित

**न्यूज स्केल सुपौल**

05 मई 2026 को अपराह्न 04:00 बजे जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई, जिसमें सभी चार्ज जनगणना अधिकारी (ग्रामीण एवं शहरी) तथा सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए।



**मकान सूचीकरण कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा:** बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक चलने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कार्य की गति और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया।

**प्रगणकों की उपस्थिति और अनुश्रवण पर बल:** सभी चार्ज जनगणनाअधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्हें हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (HLB) में प्रतिदिन कार्य संपादन कराने और पर्यवेक्षकों द्वारा सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी HLB में कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने पर भी विशेष बल दिया गया।

**मैदानी निरीक्षण और समयबद्ध निष्पादन के निर्देश:** जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड स्तरीय वरीय पदाधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर जनगणना कार्यों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इसे समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में प्रशासनिक स्तर पर समन्वय और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# विकासयोजनाओंकीसमीक्षा :जिलाधिकारीने दिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**न्यूज स्केल सहरसा**

सहरसा, जिलाधिकारी सहरसा दीपेश कुमार (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में मंगलवार को विकासात्मक एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त, निदेशक डीआरडीए सहित कई संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि



सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।समीक्षा के दौरान विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गुणवत्ता बनाए रखें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे विकास कार्यों को गति देने के लिए सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, जिससे जिले में विकास का लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुंच सके।

# सुपौल में रसोई गैस व पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता, प्रशासन सतर्क

**न्यूज स्केल सुपौल**

आज दिनांक 05 मई 2026 को जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में रसोई गैस (LPG) एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी तेल विपणन कंपनियों के विक्रय पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शामिल हुए। नोडल सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं LPG की कोई कमी नहीं है और खपत के अनुरूप लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।



**गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार, वितरण जारी** नोडल पदाधिकारी LPG के अनुसार जिले की 51 गैस एजेंसियों के पास लगभग 13,133 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है, जबकि 9,904 सिलेंडर और प्राप्त होने की संभावना है। 4 मई को 3,871 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की गई थी। वर्तमान में 20,002 उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार गैस देना शेष है, वहीं प्रतिदिन औसतन 6,022 उपभोक्ताओं के बीच घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है।

**शादी व अन्य आयोजनों के मद्देनजर विशेष निर्देश** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विवाह सीजन में गैस व पेट्रोलियम पदार्थों की मांग बढ़ती है, इसलिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ-साथ श्राद्ध, उपनयन, मुंडन एवं अन्य सामाजिक-धार्मिक आयोजनों के लिए भी वाणिज्यिक LPG उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए कैटरर्स को संबंधित तेल कंपनियों में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, जबकि कार्यक्रम आयोजकों को अनुमंडल पदाधिकारी के पास आवेदन देना होगा।

**निगरानी, जांच और नियंत्रण कक्ष सक्रिय:** सीमा क्षेत्रों में स्थित गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंपों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। अब तक 18 गैस एजेंसियों एवं 21 प्रतिष्ठानों पर जांच की गई है, जबकि एक पेट्रोल पंप का निरीक्षण भी हुआ है। घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी के आरोप में तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां आज तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। प्रशासन लगातार आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कंपनियों के संपर्क में है।

# बरसम व मकदमपुर में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित, पशुपालकों को मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**न्यूज स्केल सहरसा**



दिनांक 04 मई 2026 को विभागीय योजना एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार बरसम एवं मकदमपुर में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूक करना तथा पशुओं में प्रजनन संबंधी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा बांझपन से ग्रसित पशुओं की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत "सात निश्चय-2" योजना के तहत बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। पशुपालकों को पशुओं के पोषण, टीकाकरण, समय पर जांच एवं कृत्रिम गर्भाधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पशुपालन से जुड़े आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय पशुपालकों ने भाग लिया और अपने पशुओं का निःशुल्क इलाज कराया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, जिससे पशुधन की गुणवत्ता में सुधार हो तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।जायेगा।

# 19 मई से प्रारंभ होगा सहयोग शिविर- बीडीओ

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

आम लोगों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर 19 मई 2026 माह के तीसरे मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र की चयनित पंचायतों में "सहयोग शिविर" आयोजित किया जाएगा।प्राप्त जानकारी अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने से पूर्व सभी विभाग अपने-अपने लंबित मामलों की सूची तैयार रखें, ताकि अधिक से अधिक शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।बीडीओ ने विशेष रूप से राजस्व, भूमि सुधार, आपदा प्रबंधन एवं लोक शिकायत निवारण से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। जानकारी अनुसार 19 मई को प्रखंड की दो पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस क्रम में 19 मई को श्रीपुर पंचायत में अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी तथा गोबिंदपुर पंचायत में जिला पंचायतीराज पदाधिकारी उपस्थित रहकर आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका ऑन-द-स्पॉट समाधान करेंगे।शिविर के सफल संचालन के लिए विभिन्न वरीय अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि शिविर स्थल पर आमजन के बैठने, पेयजल, पंजीकरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें।

# साहुगढ़ नदी पर पुल क्षतिग्रस्त, आवागमन बाधित — वैकल्पिक मार्ग जारी

## जनसुरक्षा को प्राथमिकता, जल्द बनेगा पीपा पुल; प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की

**न्यूज स्केल मधेपुरा**

मधेपुरा में साहुगढ़ नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करते हुए लोगों से सतर्कता बरतने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

मधेपुरा, 05 मई 2026 — खेदन बाबा चौक से साहुगढ़ होते हुए भेलवा जाने वाली सड़क पर स्थित साहुगढ़ नदी का पुल क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू कर दी है। स्थलीय जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पुल की वर्तमान स्थिति आमजनों और राहगीरों के लिए जोखिमपूर्ण है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भारी वाहनों को एनएच-107 से खगड़िया की ओर जाते समय बैजनाथपुर बाजार से दाहिनी ओर स्थित बैजनाथपुर–लिटियाही मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं छोटे वाहनों के लिए सहरसा जाने के दौरान भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय, साहुगढ़ के सामने से दाहिनी ओर जाने वाला मार्ग सुरक्षित विकल्प बताया गया है।

इसके अलावा, मधेपुरा से सिंहेश्वर की ओर यात्रा करने वाले लोगों के लिए एनएच-106 पर नारियल विकास बोर्ड के समीप से होकर मनहरा–सुखासन मार्ग को भी उपयुक्त वैकल्पिक मार्ग के रूप में चिन्हित किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षतिग्रस्त पुल के कारण उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही पुल के नीचे उत्तर दिशा में पीपा पुल का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों और छोटे वाहनों के लिए आवागमन सुचारु हो सके।

समाहरणालय, मधेपुरा ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें, अनावश्यक जोखिम से बचें और प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करें, ताकि जनसुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनी रहे।

# दिशा बैठक में विकास योजनाओं की व्यापक समीक्षा, तेज क्रियान्वयन पर जोर

**न्यूज स्केल मधेपुरा**

मधेपुरा, 05 मई 2026 — समाहरणालय मधेपुरा में जिला समन्वयक एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय सांसद मधेपुरा श्री दिनेश चन्द्र यादव ने की। इस अवसर पर सांसद सुपौल श्री दिलेश्वर कामत, जिलाधिकारी श्री अभिषेक रंजन सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में जन-अपेक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया गया।





**सबहेडिंग 2: योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा** बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई, जिसके आधार पर उनके क्रियान्वयन की गुणवत्ता और गति का आकलन किया गया। अध्यक्ष द्वारा योजनाओं के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**विलंबित कार्यों पर सख्ती, समयबद्धता पर जोर:** पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। कई योजनाओं में संतोषजनक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया, वहीं कुछ कार्यों में देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। समय-सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

**आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता:** जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को बैठक में प्रमुखता से उठाया। सड़क निर्माण, जल निकासी, आधारभूत संरचना एवं जनसेवा से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने सभी विभागों को पारदर्शी एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**समन्वित प्रयासों से सतत विकास की दिशा:** बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुँचे और कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही बनी रहे। यह बैठक प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मधेपुरा के समग्र, संतुलित एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# सम्बल योजना के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण





**न्यूज स्केल मधेपुरा**

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सम्बल योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच सहायक उपकरण एवं बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम दिशा (Disha) की समीक्षात्मक बैठक के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह दिशा समिति अध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र यादव एवं सुपौल के सांसद श्री दिलेश्वर कामत ने की। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अवसर पर कुल 10 दिव्यांग लाभुकों को सहायक उपकरण तथा 7 लाभुकों को बैट्री चालित ट्राईसाईकिल प्रदान की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को हरी झंडी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी गतिशीलता को बढ़ावा देना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को अधिक सहजता और स्वतंत्रता के साथ कर सकें। बैट्री चालित ट्राईसाईकिल के माध्यम से लाभुकों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी और वे समाज की मुख्यधारा से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक (दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग) सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने दोहराया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु इस प्रकार की पहलें आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

# नालंदा में मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश

## राजगीर में आयोजित होगा 17 मई से 15 जून तक भव्य मलमास मेला

**न्यूज़ स्केल नालंदा,**

आगामी मलमास मेला 2026 के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में आज आरआईसीसी, राजगीर में जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विदित हो कि मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में निर्धारित है, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्मकुंड में





पवित्र स्नान करने पहुंचते हैं।

**भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष जोर;** बैठक में मेले के दौरान संभावित भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया।

**यातायात, आवासन एवं डिजिटल सुविधा पर फोकस**
यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने हेतु वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, घाट एवं प्रमुख स्थलों पर वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु एआई आधारित काउंटर, मोबाइल एप और वेबसाइट की व्यवस्था की जाएगी। खोए हुए व्यक्तियों के लिए सूचना केंद्र भी स्थापित होंगे।

**आस्था, सुरक्षा और स्वच्छता का समन्वित मॉडल:** बैठक में ब्रह्मकुंड में अविरल जलधारा के संरक्षण, वैतरणी घाट की साफ-सफाई, मरम्मती एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया। शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण एवं प्रवेश-निकास द्वारों पर विशेष चौकसी रखने के निर्देश दिए गए।श्रद्धालुओं के खान-पान के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई और सस्ती रोटी काउंटर जैसी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिला

**मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ प्रबंधन के निर्देश:** श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, चेंजिंग रूम, मोबाइल शौचालय, हाई मास्ट लाइटिंग और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, मेडिकल कैंप, आवश्यक दवाओं और चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मलमास मेला को सुरक्षित, स्वच्छ और भव्य स्वरूप देने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी।

# 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत: पुराने ट्रैफिक चालानों पर राहत की बड़ी योजना

**न्यूज़ स्केल बेतिया**

यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण भारी जुर्माने का सामना कर रहे वाहन स्वामियों के लिए राहत भरी खबर है। बिहार सरकार के परिवहन विभाग ने "एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना, 2026" लागू कर दी है, जिसके तहत 9 मई 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित ई-चालानों का निपटारा रियायती दरों पर किया जाएगा।

यह योजना उन चालानों पर लागू होगी, जो 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं और जिनका भुगतान 31 मार्च 2026 तक नहीं हुआ है। खास बात यह है कि चाहे मामला अदालत में विचाराधीन हो या अभी कोर्ट तक नहीं पहुँचा हो, दोनों ही स्थितियों में इस योजना का लाभ लिया जा सकता है।




9 मई को बगहा अनुमंडल व्यवहार न्यायालय परिसर और जिला परिवहन कार्यालय (समाहरणालय परिसर) में विशेष महा-निपटान शिविर आयोजित किए जाएंगे। यहां वाहन मालिक अपने लंबित चालानों का त्वरित और सरल निपटारा कर सकेंगे।

जिला परिवहन पदाधिकारी रितु रानी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अदालतों में लंबित मामलों को कम करना और आम लोगों को आर्थिक राहत प्रदान करना है। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने पुराने चालानों का समय पर निपटान कर लें।

# संभावित बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के कड़े निर्देश

**न्यूज़ स्केल छपरा,**

आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने को लेकर जिलाधिकारी, सारण की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बाढ़ पूर्व तैयारियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

**समयसीमा व संसाधन प्रबंधन**
जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी एंटी-फ्लड



कार्य 15 जून तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं। 1 जून तक रेत बोरियों एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का भंडारण सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही तटबंधों और पुल-पुलियों के वेंट्स की सफाई अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए।

**राहत एवं आपदा तैयारी**
आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया हेतु अस्थाई कैंप कार्यालय, आश्रय स्थल एवं सामुदायिक रसोई की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को चारे एवं औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कृषि विभाग को आकस्मिक फसल योजना के तहत बीज वितरण की तैयारी रखने को कहा गया।

**विभागीय समन्वय व जिलाधिकारी के निर्देश:** जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर निरंतर निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं किए जाने की चेतावनी दी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य कर बाढ़ पूर्व तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

**कटाव निरोधक कार्यों की समीक्षा:** कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण द्वारा बताया गया कि जिले में 10 संवेदनशील स्थलों पर कटाव निरोधक एवं बाढ़ नियंत्रण कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी स्थलों का भौतिक निरीक्षण करने और संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ड्रोन सर्वे के माध्यम से अति संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जा रही है।

# लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत नवादा में सुनवाई, 3 मामलों का त्वरित निपटारा

**न्यूज़ स्केल छपरा,**

समाहरणालय, नवादा में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल चार परिवादी उपस्थित हुए, जिनकी शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया गया।

**तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा:** सुनवाई के दौरान प्रस्तुत चार मामलों में से तीन का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। त्वरित कार्रवाई से परिवादियों को राहत मिली और प्रशासन की सक्रियता का भी परिचय मिला।



**प्रमुख शिकायतों का विवरण**
शिकायतों में शम्भू प्रसाद द्वारा व्यावसायिक विद्युत कनेक्शन को घरेलू कनेक्शन में परिवर्तित करने, अब्दुल हामिद मलिक द्वारा निजी जमीन अधिग्रहण से संबंधित विवाद तथा विनय कुमार द्वारा अर्जित अवकाश स्वीकृति एवं अगस्त 2025 के बकाया वेतन भुगतान का मामला शामिल था। संबंधित अधिकारियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर इन मामलों का निष्पादन किया गया।

**समय-सीमा में समाधान की व्यवस्था:** अधिनियम 2015 के तहत किसी भी शिकायत का निवारण अधिकतम दो माह के भीतर करने का प्रावधान है। प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर भी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालय संचालित हैं, जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

**01:** शिकायतें बिजली कनेक्शन, जमीन अधिग्रहण और वेतन भुगतान से जुड़ी थीं।

---------------

**02:** शिकायत दर्ज करने से लेकर अपील तक की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और ऑनलाइन उपलब्ध है।

---------------

**नि:शुल्क एवं ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध:** शिकायत दर्ज कराने, सुनवाई और अपील की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। अब नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायत और अपील दर्ज कर सकते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे इस व्यवस्था का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

# सहयोग शिविर के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



**न्यूज़ स्केल मोतिहारी**

पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी श्री निशांत सिहारा की अध्यक्षता में सहयोग शिविर के आयोजन एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सामान्य प्रशासन विभाग, पटना से आए बिहार प्रशासनिक सेवा के वरीय पदाधिकारी श्री सुनील कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें सदर अनुमंडल के लिए सहयोग शिविर का नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देश एवं जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के आदेशों के आलोक में 19 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले सहयोग शिविर की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पंचायतवार रोस्टर भी निर्धारित कर दिया गया है।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पंचायत स्तर पर प्राप्त होने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर लें तथा उनका ससमय और नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निपटारा कर उन्हें शून्य करना है।बैठक में अधिकारियों से आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने की अपील की गई, ताकि शिविरों का संचालन सुचारू रूप से हो सके और आम जनता को त्वरित राहत मिल सके।

# नवनिर्मित शिक्षा भवन का डीएम ने किया निरीक्षण, सुविधाओं में होगा व्यापक सुधार

**न्यूज़ स्केल मोतिहारी**

मोतिहारी के बेली सराय स्थित शिक्षा विभाग के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ 04 मई 2026 को होने के बाद जिलाधिकारी श्री सौरव ज़ोरवाल एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार ने भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



**निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा** जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने संयुक्त रूप से भवन के सभी तलों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न शाखाओं के संचालन, कर्मचारियों की बैठने की व्यवस्था और आम नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्यप्रणाली को और अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाया जाए, ताकि लोगों को बेहतर सेवा मिल सके।

**एक ही छत के नीचे सभी शाखाएं:** जिलाधिकारी ने कहा कि इस भवन के बन जाने से शिक्षा विभाग के कार्यों में समन्वय स्थापित होगा। पहले अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय होने के कारण लोगों को परेशानी होती थी, लेकिन अब सभी शाखाएं एक ही स्थान पर संचालित होने से कार्यों में तेजी आएगी। इससे प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी।

**बैठक एवं समीक्षा के लिए मिलेगा स्थायी स्थान:** उन्होंने बताया कि भविष्य में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठकें एवं अन्य महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन इसी भवन में किया जाएगा। इससे समय की बचत होगी और विभागीय योजनाओं की प्रगति पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।

**विभिन्न तलों पर शाखाओं का सुव्यवस्थित संचालन:** नवनिर्मित भवन में ग्राउंड फ्लोर पर स्थापना शाखा, प्रथम तल पर योजना एवं लेखा शाखा के साथ मध्याह्न भोजन शाखा, द्वितीय तल पर जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता से संबंधित इकाइयां संचालित की जा रही हैं। वहीं तृतीय तल पर समग्र शिक्षा कार्यालय कार्यरत है। इस सुव्यवस्थित व्यवस्था से कर्मचारियों एवं आम लोगों दोनों को सुविधा मिलेगी और शिक्षा प्रशासन को मजबूती मिलेगी।

# दबंगों ने अति पिछड़ा परिवार पर हमला कर किया गंभीर रूप से जख्मी , गांव में तनाव

**नवादा,** (हि.स.) नवादा जिले के गोविंदपुर थाने के धनपुरी गांव में दबंग ने अति पिछड़ा समाज के राजेंद्र राम के घर पर शस्त्रों के साथ हमला कर चार परिवार को जख्मी कर दिया। जिसे गंभीर हालत में पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है ।इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। गोविंदपुर के थाना प्रभारी सहित नवादा के एसपी कोमंगलवार को भेजे गए आवेदन में राजेंद्र राम ने कहा कि दबंग जाति के बालन यादव ,उसका पुत्र मिथिलेश यादव तथा प्रतिमा देवी बराबर जाति सूचक शब्द कहकर घर पर चढ़कर गालियां दिया करती है ।इस बार जैसे ही गालियां देने से मना किया कि सभी ने मिलकर शस्त्रों से हमला कर दिया, जिसमें राजेंद्र राम सहित



सुलेखा देवी, शिवानी कुमारी तथा सौरभ कुमार घायल हो गए। राजेंद्र राम को गंभीर हालत में गोविंदपुर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज पवापुरी भेज दिया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बताई जाती है ।

इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है ।एसपी से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। राजेंद्र राम के पुत्र प्रिंस ने बताया कि दबंगों द्वारा भूमि कब्जा को लेकर बराबर गालियां दी जाती है विरोध करने पर बराबर मारपीट किया करते हैं ।इस बार प्राण लेवा हमला कर पूरे परिवार को खत्म कर देने का प्रयास किया गया ।लेकिन भगवान की कृपा से हमारे सारे परिवार के लोग बच गए ।पीड़ित ने एसपी से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

# बिहार के नवादा में बच्चो की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों पर जुर्माना

**नवादा,** (हि.स.)।जिले में मंगलवार को स्कूल वाहनों की जांच कर सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना किया गया है। जांच के दौरान ओवरलोडिंग, फिटनेस नहीं होना, इंश्योरेंस नहीं होना, प्रदूषण प्रमाणपत्र गायब होना और परमिट शर्तों के उल्लंघन जैसे मामले सामने आए।

राजश्री कृष्ण इंटरनेशनल स्कूल, अकौना की बस बीआर 52 पी-0539 पर ओवर पैसेंजर और परमिट उल्लंघन में 15,300 का जुर्माना लगाया गया। माउंट मिराडे किड्स स्कूल, नवादा की बस बीआर 27 बी-0354 पर ओवरलोडिंग और परमिट गड़बड़ी में 10,800 का चालान काटा गया।



आवासीय शिशु ज्ञान निकेतन, नवादा की बस बीआर 27 ई-2883 पर ओवर पैसेंजर मामले में 2,000 का फाइन किया गया।

इसी तरह गुरु द्रोणाचार्य पचिलक स्कूल की बस बीआर 27पी-1903 पर अतिरिक्त सवारी बैठाने के आरोप में 2,000 का जुर्माना लगाया गया। चंद्रा ओपन माइंड स्कूल की बस बीआर 27पी-1202 पर फिटनेस, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं होने पर 9,000 का चालान हुआ। वहीं रेजिडेंशियल जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की बस बीआर 27सी-2385 पर फिटनेस, इंश्योरेंस, प्रदूषण और ओवरलोडिंग के मामले में 9,800 का जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने साफ कहा है कि बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज, महाकालेश्वर मंदिर में डिजिटल दर्शन व्यवस्था लागू


**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में सिंहस्थ 2028 (महाकुंभ) की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। यहां विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में अब दर्शन, भस्म आरती और अन्नदान की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो गई है। श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भस्म आरती, वीआईपी दर्शन और अब अन्नदान के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

उज्जैन कलेक्टर एवं महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि सिंहस्थ महाकुंभ 2028 को ध्यान में रखते हुए मंदिर में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को बेहतर और सुगम दर्शन व्यवस्था देने के लिए कई बड़े बदलाव करने जा रहा है, जिससे आने वाले समय में भक्तों को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि महाकालेश्वर मंदिर में डिजिटल दर्शन व्यवस्था लागू करने का उद्देश्य भीड़ प्रबंधन और पारदर्शिता बढ़ाना है।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, इसलिए अभी महाकाल लोक में फागिंग फव्वारे लगाए गए हैं। इसके अलावा अब करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से फैब्रिकेशन शेड भी जल्द लगाया जाएगा। इसके साथ ही दर्शन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए मंदिर में कर आधारित बैरियर्स लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को लाइन में आसानी होगी और भीड़ प्रबंधन बेहतर होगा।

उन्होंने बताया कि अब तक ज्यादातर श्रद्धालु सिर्फ सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती के बारे में ही जानते हैं। लेकिन अब मंदिर प्रशासन सांध्य आरती और शयन आरती के महत्व की जानकारी भी श्रद्धालुओं तक पहुंचाने की योजना बना रहा है। इस पहल का उद्देश्य है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु इन आरतियों में भी शामिल होकर धार्मिक लाभ ले सकें।

उन्होंने बताया कि मंदिर की वेबसाइट पर अन्नक्षेत्र मॉड्यूल शुरू किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंदिर समिति का 29974.37 लाख रुपये का प्रस्तावित बजट भी पारित किया गया है। सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर में 80 नई स्टील दानपेटियां लगाई जाएंगी। वहीं सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए करीब 1000 बैरिकेड्स लगाने की मंजूरी भी दी गई है। इन सभी तैयारियों का मुख्य उद्देश्य है कि सिंहस्थ 2028 के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो और उन्हें सुरक्षित, व्यवस्थित और सहज दर्शन मिल सके।





## डिजिटल दर्शन व्यवस्था की मुख्य बातें::

भस्म आरतीः इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और परमिशन अनिवार्य है।

अन्नदान सेवाः श्रद्धालु अब घर बैठे मंदिर की वेबसाइट पर जाकर अन्नदान की बुकिंग कर सकते हैं, जो विशेष अवसरों पर उपलब्ध होगी।

वीआईपी दर्शन (शीघ्र दर्शन): 250 रुपये प्रति व्यक्ति का टिकट ऑनलाइन बुक किया जा सकता है।

ऑनलाइन बुकिंगः श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 30 दिन पहले तक बुकिंग कर सकते हैं।

प्रोटोकॉल दर्शनः पुराने टोकन सिस्टम के बजाय, अब मोबाइल लिंक के माध्यम से दर्शन की सुविधा दी जा रही है।

प्रवेश पासः ऑनलाइन बुकिंग के बाद श्रद्धालु को एक ई-पास प्राप्त होगा, जिसे साथ लाना अनिवार्य है।

मोबाइल पर प्रतिबंधः मंदिर परिसर में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित है। यह व्यवस्था दर्शनार्थियों को सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ भीड़ को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित होगी।

# जेएलआर ने ब्रिटेन से आयातित कारों के दाम 75 लाख तक घटाया

**नई दिल्ली,** (हि.स)। लक्जरी वाहन निर्माता जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया ने अपनी प्रीमियम कारों की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। कंपनी ने रेंज रोवर सहित अपने हाई-एंड एसयूवी मॉडल्स के दाम में 75 लाख रुपये तक की कमी की है। यह फैसला भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लागू होने से पहले लिया गया है।




कंपनी के अनुसार, यह कटौती ब्रिटेन से आयातित पूरी तरह निर्मित इकाइयों (सीबीयू) पर लागू होगी। नई कीमतें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। रेंज रोवर एसवी की एक्स-शोरूम कीमत अब 4.25 करोड़ रुपये से घटकर 3.5 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी की कीमत 2.75 करोड़ रुपये से घटकर 2.35 करोड़ रुपये रह गई है।

जेएलआर इंडिया ने कहा कि यह कदम ग्राहकों को अपेक्षित व्यापार समझौते का लाभ पहले से देने की दिशा में है। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि यह निर्णय ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को मजबूत करता है और प्रीमियम एसयूवी को अधिक सुलभ बनाता है।

# निचले स्तर से रिकवरी के बावजूद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली,** (हि.स)। पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। शुरुआती गिरावट के बाद निफ्टी की एक्सपायरी के दिन बाजार में हल्की रिकवरी भी आई, लेकिन अंत में दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स 251.61 अंक की गिरावट के साथ 77,017.79 अंक पर और निफ्टी 86.50 अंक टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ।



दिनभर के कारोबार में ऑटो, एफएमसीजी और पावर सेक्टर में खरीदारी रही, जबकि बैंकिंग, मेटल और टेक शेयरों पर दबाव देखा गया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में हल्की तेजी रही, जिससे व्यापक बाजार में कुछ मजबूती बनी रही। इसके बावजूद निवेशकों की संपत्ति में करीब 37 हजार करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और बीएसई का कुल मार्केट कैप 466.88 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल मिलाकर 4,355 शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें लगभग संतुलित रुझान देखने को मिला।

# सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली,** (हि.स)। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमतों में नरमी का रुख देखा गया। अंतरराष्ट्रीय संकेतों और मांग में हल्की सुस्ती के चलते देश के अधिकांश बाजारों में सोना कमजोर होकर कारोबार कर रहा है। हालांकि, चांदी के दाम में कोई बदलाव नहीं देखा गया और यह स्थिर बनी रही।



जानकारी के अनुसार, देशभर में 24 कैरेट सोना आज 1,49,610 रुपये से 1,51,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,140 रुपये से 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में बिक रहा है। दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,49,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,290 रुपये प्रति 10 ग्राम पर दर्ज किया गया। वहीं मुंबई, कोलकाता और अन्य प्रमुख शहरों में 24 कैरेट सोना 1,49,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा।

अहमदाबाद और भोपाल में मामूली बढ़त के साथ 24 कैरेट सोना 1,49,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा। दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में सोने की कीमतें अपेक्षाकृत अधिक रहीं, जहां 24 कैरेट सोना 1,51,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। लखनऊ, पटना और जयपुर के बाजारों में भी कीमतों में हल्का अंतर देखने को मिला, लेकिन कुल मिलाकर रुझान कमजोर ही रहा।

दूसरी ओर, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर स्थिर बनी रही।

# भीगे हुए खजूर खाने के फायदे : सेहत के लिए पोषण का खजाना

रोजाना भीगे हुए खजूर खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। खजूर में आयरन की अच्छी मात्रा होती है, जिससे यह खून की कमी यानी एनीमिया को दूर करने में सहायक हो सकता है। यह शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है, इसलिए सुबह





खाली पेट इसका सेवन करने से दिनभर थकान और कमजोरी कम महसूस होती है। इसके अलावा भीगे खजूर हड्डियों को मजबूत बनाने और दिल की सेहत सुधारने में भी मददगार माने जाते हैं। आमतौर पर 2-4 खजूर रातभर पानी में भिगोकर सुबह खाना उचित माना जाता है। हालांकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या में डॉक्टर की सलाह जरूरी है।

# राशिफल : 06 मई, 2026

मेष : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

मिथुन : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

सिंह : पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

धनु : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

कुम्भ : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

वृष : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

कर्क : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

कन्या : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

वृश्चिक : पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

मकर : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

मीन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

# पंचांग : 06 मई, 2026

06 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मेष में
चंद्र धनु में
मंगल मीन में
बुध मेष में
गुरु मिथुन में
शुक्र वृष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
वृष 05.58 बजे से
मिथुन 07.56 बजे से
कर्क 10.10 बजे से
सिंह 12.26 बजे से
कन्या 14.38 बजे से
तुला 16.49 बजे से
वृश्चिक 19.03 बजे से
धनु 21.19 बजे से
मकर 23.24 बजे से
कुंभ 01.11 बजे से
मीन 02.44 बजे से
मेष 04.14 बजे से
बुधवार 2026 वर्ष का 126 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु ग्रीष्म।

विक्रम संवत् 2083
शक संवत् 1948
मास ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) पक्ष कृष्ण
तिथि चतुर्थी 07.52 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मूल 15.54 बजे को समाप्त।
योग सिद्ध 01.12 बजे रात्र को समाप्त।
करण बालव 07.52 बजे तदनन्तर कौलव 21.04 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 18.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 160 29
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872701
जूलियन दिन 2461166.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्काद तारीख 18

# कर्नाटक–महाराष्ट्र के किसानों को राहत, सूरजमुखी और चना खरीद पर 4,886 करोड़ की एमएसपी सुरक्षा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने और बाजार में मजबूरी में बिक्री की स्थिति से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कर्नाटक में रबी 2026 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 9,023 मीट्रिक टन सूरजमुखी की खरीद को मंजूरी दी है, वहीं महाराष्ट्र में रबी 2025-26 सीजन के दौरान चने की अधिकतम खरीद सीमा बढ़ाकर 8,19,882 मीट्रिक टन कर दी गई है।

इन दोनों फैसलों के जरिए किसानों को 4,886.46 करोड़ रुपये से अधिक की एमएसपी सुरक्षा उपलब्ध होगी। मंगलवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रबी 2026 सीजन के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत 9,023 मीट्रिक टन सूरजमुखी की खरीद को मंजूरी दी है। इस स्वीकृति का कुल एमएसपी मूल्य 69.66 करोड़ रुपये से अधिक होगा। इस निर्णय से कर्नाटक के सूरजमुखी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित व लाभकारी मूल्य मिल सकेगा।

शिवराज सिंह चौहान ने रबी 2025-26 सीजन के दौरान महाराष्ट्र में पीएसएस के तहत चने की अधिकतम खरीद मात्रा बढ़ाकर 8,19,882 मीट्रिक टन करने को मंजूरी दी है। इस स्वीकृति का कुल एमएसपी मूल्य 4,816.80 करोड़ रुपये से अधिक होगा। इसके साथ ही महाराष्ट्र में चना खरीद की समय-सीमा में 30 दिनों का विस्तार करते हुए इसे 29 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। यह फैसला उन किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो निर्धारित अवधि में अपनी उपज की बिक्री पूरी नहीं कर पाए थे। अब अधिक किसानों को एमएसपी का लाभ मिल सकेगा, उन्हें बाजार के दबाव में कम कीमत पर बिक्री नहीं करनी पड़ेगी।



# भारत, जापान का स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

- **बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना और नई साझेदारियों को बढ़ावा देना रहा।**

---------------




भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने संयुक्त रूप से बैठक की अध्यक्षता की।

**स्वास्थ्य सहयोग को नई दिशा**

बैठक में नड्डा ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार का अहम कदम बताया।

**नवाचार और प्रौद्योगिकी पर फोकस:** किमी ओनोदा ने स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने एआई-आधारित चिकित्सा तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

**प्राथमिक क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा**

बैठक में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, निदान, उपचार और पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही डिजिटल हेल्थ सिस्टम, आपसी डेटा साझाकरण और अनुसंधान सहयोग को बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने इसे भविष्य की मजबूत साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया।

**ऐतिहासिक संबंधों पर जोर**

नड्डा ने भारत और जापान के बीच एक सदी से अधिक पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह साझेदारी विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत रही है। उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास" के सिद्धांत के तहत समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की बात दोहराई।

# तमिलनाडु : टीवीके विधायक दल के नेता चुने गए विजय, सरकार गठन की कवायद तेज

**चेन्नई,** (हि.स.)। चेन्नई के पनैयूर स्थित टीवीके मुख्यालय में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की अहम बैठक जारी है। बैठक में सरकार गठन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। चुनाव परिणामों के बाद यह पहली औपचारिक बैठक है, जिसे सत्ता गठन की दिशा में निर्णायक माना जा रहा है।



**विजय को मिली सर्वसम्मति से जिम्मेदारी:** बैठक के दौरान सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से विजय को तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) के विधायक दल का नेता चुन लिया। इस फैसले के बाद यह लगभग तय हो गया है कि विजय ही राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। पार्टी नेतृत्व और विधायकों ने उनके नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है।

**108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी:** हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने 108 सीटों पर जीत दर्ज कर तमिलनाडु की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आई है। 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 118 सीटों की आवश्यकता होती है, जिससे टीवीके अभी 10 सीट पीछे है। इसके बावजूद पार्टी तेजी से सरकार गठन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

**समर्थन जुटाने की कोशिशें जारी**

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, टीवीके अन्य दलों से समर्थन हासिल करने की कोशिश में जुटी है। कांग्रेस, वामपंथी दलों और कुछ क्षेत्रीय पार्टियों के समर्थन की संभावना जताई जा रही है। यदि यह समर्थन मिल जाता है, तो विजय जल्द ही राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं और निर्धारित समय में विधानसभा में बहुमत साबित करेंगे।

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने स्वीकार किया मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन का इस्तीफा

**चेन्नई,** (हि.स.)। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक बदलाव तेज हो गए हैं। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनसे नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने को कहा है। स्टालिन ने द्रमुक की चुनावी हार के बाद सोमवार को इस्तीफा दिया था, जिसे मंगलवार को मंजूरी मिली। 23 अप्रैल को हुए चुनावों की मतगणना 4 मई को पूरी हुई, जिसमें अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। द्रमुक 59 सीटों पर सिमट गई, जबकि अन्नाद्रमुक ने 47 सीटें जीतीं। अब सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें टीवीके को पहला मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि उसे बहुमत के लिए सहयोगी दलों की जरूरत होगी।

# मप्र में गठित होगा व्यापार कल्याण बोर्ड, विकास कार्यों के लिए 38,555 करोड़ रुपये स्वीकृत

## मप्र कैबिनेट ने दी 'दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन' के लिए 2442.04 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। राज्य सरकार ने 'राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड' के गठन को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनके विकास को बढ़ावा देना और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार के साथ सीधा संवाद



स्थापित करना है। इस बोर्ड के अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री होंगे, जबकि विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय संस्थानों के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा।

कैबिनेट ने "दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन" के लिए वर्ष 2026 से 2031 तक 2442.04 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत दलहन उत्पादन बढ़ाने, उन्नत बीज उपलब्ध कराने, प्रसंस्करण और भंडारण सुविधाओं को विकसित करने पर जोर दिया जाएगा, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा और उत्पादन में वृद्धि होगी।

इसके अलावा, राज्य के विकास के लिए कुल 38,555 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। लोक निर्माण विभाग के तहत सड़कों और आवासों के निर्माण व रखरखाव के लिए 32,405 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। ग्रामीण सड़कों के निर्माण और उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 1295 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और आईटी परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण और मिशन वात्सल्य के लिए लगभग 2412 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे बाल कल्याण और पोषण सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

# मुंबई–दिल्ली हाईवे पर गोधरा के पास भीषण हादसा, सूरत के एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत



**चमहल,** (हि.स.)। पंचमहल जिले में मुंबई–दिल्ली एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर पर गोधरा के पास हादसे में कार सवार सूरत के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार की एक बेटी गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में माता, पिता और पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, उनकी पुत्री को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही वेजलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही अज्ञात वाहन चालक की तलाश भी तेज कर दी गई है।

# केजरीवाल ने पंजाब के आआपा विधायकों के साथ की बैठक, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा

**नई दिल्ली** (हि.स.)। नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के पंजाब विधायकों के साथ कपूरथला हाउस में महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। केजरीवाल ने दावा किया कि राज्य में सरकार के प्रति एंटी-इनकंबेंसी नहीं बल्कि प्रो-इनकंबेंसी का माहौल है और जनता सरकार के कामकाज से संतुष्ट है। बैठक में उन्होंने पार्टी से अलग होकर गए नेताओं और राज्यसभा सीटों के मुद्दे



पर भी टिप्पणी की और कहा कि इसका जवाब आने वाले चुनाव में जनता देगी। उन्होंने विधायकों को निर्देश दिया कि वे लगातार जनता के बीच सक्रिय रहें और सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। केजरीवाल ने विशेष रूप से सड़कों के निर्माण और अन्य विकास परियोजनाओं को सरकार की बड़ी उपलब्धियों में शामिल किया और कहा कि इन्हीं कार्यों के आधार पर जनता का विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब चुनाव के बाद देश की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकता है। इस बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री ने द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। केजरीवाल ने पश्चिम बंगाल चुनाव और अपनी दिल्ली हार का उल्लेख करते हुए चुनावी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर जोर दिया।

# हरियाणा के केएमपी एक्सप्रेस वे हादसे में उप्र पुलिस के पांच जवानों की मौत

**डीगढ़,** (हि.स.)। हरियाणा के कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर नूंह जिले के पास मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के पांच पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा धुलावट टोल प्लाज़ा के समीप करीब 10:30 बजे हुआ।




**01: उत्तर प्रदेश के 5 पुलिसकर्मियों की मौके पर मौत**

---------------

**02 : हादसा धुलावट टोल प्लाज़ा के पास सुबह करीब 10:30 बजे**

---------------

तावड़ू थाना प्रभारी शीशराम यादव के अनुसार, दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में तैनात पुलिसकर्मी महिंद्रा स्कॉर्पियो से पलवल की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टोल प्लाज़ा के पास चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन तेज़ रफ्तार के कारण नियंत्रण खो बैठा और आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांचों पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को वाहन से बाहर निकाला। मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। नूंह पुलिस ने इस घटना की जानकारी जालौन के पुलिस अधीक्षक को दे दी है और शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ईरान-अमेरिका तनाव के बीच पेंटागन प्रमुख का बयान : "सीजफायर बरकरार, अमेरिका लड़ाई नहीं चाहता"




मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने साफ संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ सीधे युद्ध की स्थिति से बचना चाहता है। हालांकि, सुरक्षा को लेकर सख्त रुख भी बरकरार है। **सीजफायर अब भी कायम: पेंटागन प्रमुख**: अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में झड़पों के बावजूद ईरान के साथ युद्धविराम (सीजफायर) अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हालात पर नजर बनाए हुए है और किसी भी बड़े टकराव से बचने की कोशिश कर रहा है। **"लड़ाई नहीं चाहते, लेकिन जवाब कड़ा होगा"**: हेगसेथ ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि ईरान अमेरिकी सैनिकों, नागरिकों या वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाता है, तो अमेरिका "भारी और विनाशकारी जवाब" देगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि अमेरिका का उद्देश्य संघर्ष बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षा सुनिश्चित करना है। **'प्रोजेक्ट फ्रीडम' का सीमित और रक्षात्मक दायरा**अमेरिका का समुद्री मिशन "प्रोजेक्ट फ्रीडम" पूरी तरह रक्षात्मक बताया गया है। हेगसेथ के अनुसार, इसका मकसद केवल होर्मुज क्षेत्र में गुजरने वाले कॉमर्शियल जहाजों की सुरक्षा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना ईरान के जलक्षेत्र या हवाई क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगी। **ट्रम्प की पहल, कूटनीति को भी मौका**: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित इस मिशन का उद्देश्य तनाव के बीच सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित करना है।हेगसेथ ने बताया कि यह अभियान राजनयिक बातचीत को जारी रखने के लिए भी समय और अवसर देता है। हालांकि, इसकी विस्तृत कार्यप्रणाली अभी स्पष्ट नहीं की गई है। कुल मिलाकर, अमेरिका एक संतुलित रणनीति अपनाते हुए जहां सैन्य तैयारी बनाए हुए है, वहीं कूटनीतिक समाधान की राह भी खुली रखना चाहता है।

# नेपाल के राष्ट्रपति ने संवैधानिक परिषद संबंधी अध्यादेश को दी मंजूरी





**काठमांडू,** (हि.स.) काठमांडू में राजनीतिक और संवैधानिक स्तर पर अहम घटनाक्रम के तहत नेपाल के राष्ट्रपति ने संवैधानिक परिषद से जुड़े अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। इससे परिषद की बैठक और निर्णय प्रक्रिया को लेकर जारी असमंजस अब काफी हद तक समाप्त हो गया है।

**राष्ट्रपति की मंजूरी और पृष्ठभूमि'** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संवैधानिक परिषद से संबंधित अध्यादेश को मंजूरी दे दी। इससे पहले सरकार द्वारा भेजे गए आठ अध्यादेशों में से सात को स्वीकृति दी गई थी, जबकि इस अध्यादेश को पुनर्विचार के लिए लौटा दिया गया था। सरकार ने सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में इस अध्यादेश को बिना किसी बदलाव के फिर से राष्ट्रपति के पास भेजने का निर्णय लिया था। पुनः सिफारिश मिलने के बाद राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी प्रदान कर दी। इस फैसले को नेपाल की संवैधानिक प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**अध्यादेश में क्या है प्रावधान**
अध्यादेश में स्पष्ट किया गया है कि संवैधानिक परिषद की बैठक के लिए कम से कम चार सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक होगी, जिसे गणपूर्ति (कोरम) माना जाएगा।
परिषद छह सदस्यीय होती है और इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, प्रधान न्यायाधीश, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष शामिल होते हैं।
नए प्रावधान के अनुसार, बैठक में उपस्थित सदस्यों के बहुमत से निर्णय लिया जा सकेगा। यानी यदि चार सदस्य मौजूद हैं, तो कम से कम तीन के समर्थन से निर्णय संभव होगा।

**राष्ट्रपति और सरकार के बीच मतभेद**: इस अध्यादेश को लेकर राष्ट्रपति और सरकार के बीच पहले मतभेद सामने आए थे। राष्ट्रपति का तर्क था कि संविधान में बहुमत प्रणाली की स्पष्ट कल्पना की गई है और अध्यादेश उस मूल भावना से अलग प्रतीत होता है।
उन्होंने यह भी कहा था कि छह सदस्यीय परिषद में केवल तीन सदस्यों द्वारा निर्णय लेने की स्थिति की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी आधार पर अध्यादेश को पुनर्विचार के लिए वापस भेजा गया था।बाद में सरकार ने स्पष्ट किया कि अध्यादेश में केवल तब बैठक की अनुमति है, जब सभी सदस्य अपने पद पर बहाल हों।

**प्रधानमंत्री का पक्ष और स्पष्टीकरण**: नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अध्यादेश जारी करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि संशोधित प्रावधानों में यह सुनिश्चित किया गया है कि बैठक तभी होगी, जब सभी छह सदस्य पद पर हों। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सदस्य पद पर रहते हुए भी बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं, तो ऐसी स्थिति के लिए कोरम तय किया गया है।साथ ही, बराबरी की स्थिति (3-3 मत) होने पर परिषद के अध्यक्ष यानी प्रधानमंत्री के पक्ष को निर्णायक माना जाएगा। सरकार का तर्क है कि सर्वसम्मति संभव न होने पर बहुमत से निर्णय लेना व्यावहारिक और आवश्यक है।

**आगे का असर और महत्व**
इस अध्यादेश के लागू होने से संवैधानिक परिषद के कामकाज में स्पष्टता आने की उम्मीद है। लंबे समय से परिषद की बैठक और निर्णय प्रक्रिया को लेकर अस्पष्टता बनी हुई थी, जिसे अब दूर करने का प्रयास किया गया है।सरकार का मानना है कि महत्वपूर्ण संवैधानिक नियुक्तियों और निर्णयों में देरी को रोकने के लिए यह प्रावधान जरूरी था। वहीं, राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह कदम आने वाले समय में नेपाल की प्रशासनिक और संवैधानिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकता है।

# नेपाल के एमआरपी नियम के कारण सीमा पर सैकड़ों ट्रक फंसे



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल सरकार द्वारा अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से जुड़े नए नियम लागू किए जाने के बाद सीमा शुल्क विभाग की सख्ती के कारण सीमावर्ती वीरगंज चेक पोस्ट पर सैकड़ों मालवाहक ट्रक फंस गए हैं। कस्टम क्लियरेंस में हो रही देरी से वाहनों की लंबी कतार लग गई है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।वीरगंज सीमा शुल्क विभाग के सूचना अधिकारी उदयसिंह बिष्ट ने मंगलवार को बताया कि प्रतिदिन 200 से अधिक मालवाहक ट्रक चेक पोस्ट पर पहुंचते हैं, लेकिन आवश्यक प्रक्रियाओं के अधूरे रहने के कारण क्लियरेंस में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रक्रिया पूरी करने को तैयार है, लेकिन आयातक फार्म भरने जैसी अनिवार्य औपचारिकताओं में सहयोग नहीं कर रहे हैं, जिससे स्थिति जटिल हो गई है।
नेपाल सरकार ने 28 अप्रैल से आयातित और निर्यातित वस्तुओं पर एमआरपी अनिवार्य कर दिया है, जिसका व्यापारी वर्ग विरोध कर रहा है। वीरगंज की एकीकृत सीमा शुल्क जांच चौकी का संचालन कर रही टीआरएस हिमालयन लॉजिस्टिक के इंचार्ज गणेश घिमिरे के अनुसार, कस्टम क्लियरेंस न होने से भारतीय सीमा क्षेत्र में भी ट्रकों की लंबी लाइन लग गई है।
वीरगंज सीमा शुल्क कार्यालय प्रतिदिन 50 से 60 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह करता है। वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष हरिप्रसाद गौतम ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या जल्द हल नहीं हुई, तो इससे सरकार और व्यापारियों दोनों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है।

# गाजा जा रहे एक्टिविस्ट्स की हिरासत बढ़ी, स्पेन ने की रिहाई की मांग

**तेल अवीव,** (हि.स.)। इजराइल की एक अदालत ने गाजा की ओर जा रहे दो विदेशी एक्टिविस्ट्स की हिरासत रविवार तक बढ़ाने का आदेश दिया है। ये दोनों कार्यकर्ता 'ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला' अभियान का हिस्सा बताए जा रहे हैं। जबकि स्पेन ने फिर से अपने नागरिक की रिहाई की मांग की है।
हिरासत में लिए गए एक्टिविस्ट्स में स्पेन के सैफ अबू केशेक और ब्राजील के थियागो एविला शामिल हैं। दोनों को पिछले सप्ताह ग्रीस के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र से हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद उन्हें इजराइल लाया गया।
मंगलवार को दोनों को अश्केलोन स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां मामले की दूसरी सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उनकी हिरासत को रविवार सुबह तक बढ़ाने की अनुमति दे दी।
इजराइली मानवाधिकार संगठन अदाला की प्रतिनिधि मिरियम अजेम के अनुसार, अदालत ने जांच पूरी होने तक हिरासत जारी रखने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की सुनवाई में मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।
वहीं स्पेन ने इजराइल से अपने नागरिक सैफ अबू केशेक को तुरंत रिहा करने की मांग की है। उनका कहना है कि वो अपने नागरिक की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।
इस बीच, इजराइल के मानवाधिकार संगठन अदाला ने दावा किया है कि दोनों एक्टिविस्ट्स हिरासत में भूख हड़ताल पर हैं। संगठन का आरोप है कि उन्हें हिरासत के दौरान उचित सुविधाएं नहीं दी जा रहीं और उनके साथ गलत व्यवहार किया गया है।
यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब गाजा की ओर जाने वाले सहायता जहाजों और एक्टिविस्ट्स को लेकर क्षेत्र में पहले से ही तनाव बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र से गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न देशों और संगठनों की ओर से सवाल भी उठाए जा रहे हैं।

# कतर के ऊपर अमेरिकी वायुसेना का KC-135 स्ट्रैटोटैंकर लापता, इमरजेंसी सिग्नल के बाद रडार से गायब



मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक महत्वपूर्ण सैन्य विमान KC-135 स्ट्रैटोटैंकर अचानक लापता हो गया है। यह विमान कतर के ऊपर उड़ान भर रहा था, जब उसने इमरजेंसी '7700' distress सिग्नल जारी किया, जो गंभीर संकट का संकेत होता है। फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म फ्लाइटराडार24 के अनुसार, सिग्नल के कुछ ही देर बाद विमान रडार से गायब हो गया।रिपोर्ट के अनुसार, यह विमान अल धफरा एयर बेस (संयुक्त अरब अमीरात) से संचालित हो रहा था और क्षेत्र में सैन्य अभियानों में शामिल था। ईरान की अर्ध-सरकारी एजेंसी फार्स न्यूज़ एजेंसी ने बताया कि विमान कुछ समय तक हवा में चक्कर लगाने के बाद नीचे उतर रहा था, तभी उससे संपर्क टूट गया। हालांकि, इस घटना को किसी हमले से जोड़ने की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।KC-135 स्ट्रैटोटैंकर को "फ्लाइंग गैस स्टेशन" कहा जाता है, क्योंकि यह हवा में ही लड़ाकू और बमवर्षक विमानों को ईंधन उपलब्ध कराता है। चार टर्बोफैन इंजनों से लैस यह विमान लंबी दूरी के मिशनों को संभव बनाता है। इसके अलावा, यह सैनिकों, उपकरणों और मेडिकल इवैक्यूएशन मिशन में भी उपयोगी है।यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है, जिससे इस रहस्यमयी घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई है।

# ईरान का UAE पर ड्रोन हमला, तेल संयंत्र में आग; तीन भारतीय घायल





मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) पर ड्रोन हमला कर दिया, जिससे क्षेत्र में फिर से युद्ध भड़कने की आशंका गहरा गई है।
खबर (200 शब्द):
मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्धविराम के बावजूद हालात फिर से तनावपूर्ण हो गए हैं। सोमवार को ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह क्षेत्र पर ड्रोन से हमला किया। इस हमले के बाद फुजैराह पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज जोन स्थित एक तेल संयंत्र में भीषण आग लग गई। फुजैराह रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है, क्योंकि यह उस पाइपलाइन का अंतिम छोर है जिसके जरिए यूएई, होर्मुज जलडमरूमध्य से बचते हुए तेल परिवहन करता है।
इस हमले में तीन भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि हुई है। यूएई स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि सभी घायलों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क बना हुआ है।
घटना पर भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना गंभीर चिंता का विषय है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।
हमले के दौरान यूएई में मिसाइल हमले की आशंका को लेकर सायरन भी बजाए गए, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य घोषित कर दी गई।

# पाकिस्तान में धर्मगुरु मौलाना इदरीस की गोली मारकर हत्या, विरोध प्रदर्शन तेज



खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चारसद्दा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने प्रमुख धर्मगुरु मौलाना मोहम्मद इदरीस की गोली मारकर हत्या कर दी। वह दारुल उलूम उस्मानजई में प्रवचन देने जा रहे थे, तभी घात लगाकर हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल इदरीस की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया और सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए चारसद्दा शहर में जाम और धरना दिया। इदरीस जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (F) के जिला प्रमुख थे और मौलाना फजलुर रहमान के करीबी माने जाते थे।राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# आईपीएल 2026 : चेन्नई सुपर किंग्स की लगातार दूसरी जीत, दिल्ली को 8 विकेट से हराया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टीम ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन बनाए, जिसके जवाब में चेन्नई ने 156 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में महज 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

चेन्नई की जीत के हीरो रहे संजू सैमसन, जिन्होंने 52 गेंदों पर नाबाद 87 रन की बेहतरीन पारी खेली। उनकी इस पारी में 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। यह इस सीजन में उनका दूसरा अर्धशतक रहा। सैमसन को कार्तिक शर्मा का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 41 रन बनाकर नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रन की अटूट साझेदारी हुई, जिसने मैच पूरी तरह चेन्नई के पक्ष में कर दिया।

दिल्ली की ओर से गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में असफल रही। समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन बनाए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 रन की पारी खेली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। अन्य बल्लेबाजों में पथुम निसांका, नीतीश राणा, आशुतोष शर्मा, करुण नायर और केएल राहुल ने छोटी-छोटी पारियां खेलीं, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका।

चेन्नई की ओर से गेंदबाजी में नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट झटके।




इस जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स को एक और हार का सामना करना पड़ा है।

# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में शामिल हुए रिकेल्टन, छठे स्थान पर पहुंचे

**मुंबई** (हि.स.)। मुंबई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला। मुंबई के बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने 32 गेंदों में 83 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। इस पारी के बाद उनके कुल रन 380 हो गए हैं और वह सीधे छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।



**शीर्ष पांच में कोई बदलाव नहीं:** ऑरेंज कैप की सूची में शीर्ष पांच खिलाड़ियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 440 रन के साथ पहले स्थान पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 433 रन के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। हेनरिक क्लासेन 425 रन के साथ तीसरे, वैभव सूर्यवंशी 404 रन के साथ चौथे और साई सुदर्शन 385 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

**मुंबई और लखनऊ के बल्लेबाजों का प्रदर्शन:** रिकेल्टन की पारी के बाद भी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स का कोई अन्य बल्लेबाज शीर्ष 20 में जगह नहीं बना सका। उनकी इस पारी ने उन्हें मौजूदा सीजन में प्रमुख बल्लेबाजों की सूची में शामिल कर दिया है और रेस को और रोमांचक बना दिया है।

**पर्पल कैप में भी मुकाबला कड़ा**

पर्पल कैप की दौड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 17-17 विकेट के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। कगिसो रबाडा 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि जोफ्रा आर्चर और ईशान मलिंगा 15-15 विकेट के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# विक्टोरिया ने 2026-27 सत्र के लिए टीम घोषित की, ग्लेन मैक्सवेल और मैट शॉर्ट ने राज्य अनुबंध नहीं लिया

**मेलबर्न** (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया की घरेलू क्रिकेट टीम विक्टोरिया ने 2026-27 सत्र के लिए अपनी पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। सबसे प्रमुख निर्णय यह रहा कि अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और बल्लेबाज मैट शॉर्ट ने राज्य अनुबंध स्वीकार नहीं किया है। दोनों खिलाड़ियों ने अब स्वतंत्र रूप से खेलने का विकल्प चुना है। हालांकि, वे उपलब्ध रहने पर विक्टोरिया के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**युवा खिलाड़ियों को मिला बड़ा अवसर:** इस बार चयन समिति ने युवा प्रतिभाओं पर भरोसा जताया है। ओलिवर पीक को पूर्ण अनुबंध दिया गया है, जबकि ऑस्टिन एनलेजार्क और टायलर पियर्सन को सीनियर टीम में पदोन्नति मिली है। तेज गेंदबाज हैरी होएक्स्ट्रा को रूकी अनुबंध दिया गया है। साथ ही आर्यन शर्मा और टॉम पैडिंगटन जैसे नए चेहरों को भी टीम में शामिल किया गया है, जिससे टीम का भविष्य मजबूत होता दिख रहा है।





**अनुभवी खिलाड़ियों का मजबूत आधार:** टीम में अनुभव का संतुलन बनाए रखने के लिए कई खिलाड़ियों के अनुबंध बढ़ाए गए हैं। पीटर हैंड्सकॉम्ब, सैम हार्पर और कैंपबेल केलावे जैसे खिलाड़ी टीम का हिस्सा बने रहेंगे। स्कॉट बोलैंड, टॉड मर्फी और मार्कस हैरिस जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम की रीढ़ बनेंगे।

**लक्ष्य: आठ साल बाद खिताब:** क्रिकेट विक्टोरिया के पुरुष क्रिकेट प्रमुख डेविड हसी ने कहा कि टीम में स्थिरता और युवा विकास का संतुलन है। विक्टोरिया पिछले पांच सत्रों में चार बार फाइनल तक पहुंची है, लेकिन खिताब से चूक गई है। इस बार टीम का लक्ष्य आठ साल बाद ट्रॉफी जीतना है।

# आरसीबी ने 18 साल तक टीम से जुड़े फिजियो इवान स्पीचली को दी भावुक विदाई, विराट कोहली बोले—आप हमेशा परिवार का हिस्सा रहेंगे

**बेंगलुरु** (हि.स.) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने पूर्व मुख्य फिजियो इवान स्पीचली को भावुक विदाई दी। स्पीचली ने वर्ष 2008 से 2025 तक लगभग 18 वर्षों तक फ्रेंचाइजी के साथ काम किया और टीम के सबसे विश्वसनीय और पुराने सदस्यों में शामिल रहे। उनके लंबे कार्यकाल में आरसीबी के कई उतार-चढ़ाव भरे दौर को करीब से देखा।



**बेंगलुरु में विशेष सम्मान समारोह:** इस अवसर पर बेंगलुरु में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन मौजूद रहे। सभी ने मिलकर स्पीचली के योगदान को याद किया और उन्हें सम्मानित किया। माहौल पूरी तरह भावुक रहा, जहां टीम ने उनके साथ बिताए वर्षों को साझा किया।

**विराट कोहली और प्रबंधन की सराहना:** वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली ने स्पीचली के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि वह आरसीबी परिवार का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। वहीं क्रिकेट निदेशक मो बॉबट ने भी उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्पीचली ने टीम के स्वास्थ्य और प्रदर्शन को मजबूत आधार देने में अहम भूमिका निभाई है।

**इवान स्पीचली का भावुक संदेश:** इवान स्पीचली ने भी टीम के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि आरसीबी उनके लिए हमेशा एक परिवार की तरह रहा है और इतने लंबे समय तक इस टीम के साथ जुड़ना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों और प्रबंधन के साथ अपने अनुभवों को जीवनभर की यादें बताया।

करीब दो दशकों तक टीम से जुड़े रहकर स्पीचली ने कई पीढ़ियों के खिलाड़ियों के साथ काम किया और आरसीबी के भीतर एक भरोसेमंद चेहरा बने रहे।

# स्नूकर विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने वू यीज़े

**शेफील्ड,** (हि.स.)। चीन के 22 वर्षीय स्नूकर खिलाड़ी वू यीजे ने इतिहास रचते हुए वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने बेहद रोमांचक फाइनल में ब्रिटेन के अनुभवी खिलाड़ी शॉन मर्फी को 18-17 के करीबी अंतर से हराया। यह मुकाबला निर्णायक फ्रेम तक चला, जिसमें वू ने शानदार संयम दिखाते हुए 85 का निर्णायक ब्रेक लगाया और जीत अपने नाम की।



इस जीत के साथ वू, स्टीफन हेंड्री के बाद दूसरे सबसे युवा विश्व चैंपियन बन गए हैं। वहीं वह चीन के दूसरे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। इससे पहले झाओ शिंतोंग ने यह उपलब्धि हासिल की थी। मैच के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और कई बार स्कोर 14-14, 15-15 और 16-16 की बराबरी पर रहा। जीत के बाद वू को ट्रॉफी के साथ करीब 5 लाख पाउंड की इनामी राशि मिली।

# तेपे सिगेमान शतरंज टूर्नामेंट 2026: मैग्नस कार्लसन लगभग एक साल बाद हारे, अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला ड्रॉ

**माल्मो,** (हि.स.)। तेपे सिगेमान शतरंज टूर्नामेंट 2026 में दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को लगभग एक साल बाद क्लासिकल प्रारूप में हार का सामना करना पड़ा। चौथे दौर में उन्हें जॉर्डन वान फोरेस्ट ने पराजित किया।

कार्लसन इससे पहले नॉर्वे शतरंज 2025 में डी. गुकेश के खिलाफ हारने के बाद से अजेय चल रहे थे। इस मुकाबले में वान फोरेस्ट ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और कार्लसन को वापसी का मौका नहीं दिया। अंत में जब उनका घोड़ा फंस गया, तो कार्लसन ने हार स्वीकार कर ली। वान फोरेस्ट ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह ड्रॉ के लिए तैयार थे, लेकिन अचानक खेल उनके पक्ष में चला गया और स्थिति बदल गई। उन्होंने इसे बेहद रोचक मुकाबला भी बताया।




वहीं भारत के अर्जुन एरिगैसी ने नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव के साथ ड्रॉ खेला। इससे पहले अर्जुन ने निल्स ग्रैंडेलियस को हराया था। इस ड्रॉ के साथ अर्जुन, अब्दुसत्तारोव और वान फोरेस्ट संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। अर्जुन ने मुकाबले में जीत हासिल करने की कोशिश की, लेकिन अंत में दोनों खिलाड़ियों ने अंक साझा किए। अगले दौर में अर्जुन का सामना जॉर्डन वान फोरेस्ट से होगा, जबकि अब्दुसत्तारोव निल्स ग्रैंडेलियस के खिलाफ खेलेंगे।

> **01.** वान फोरेस्ट ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और अंत में कार्लसन को हार स्वीकार करनी पड़ी।

टूर्नामेंट में निल्स ग्रैंडेलियस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और उन्हें लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। वहीं झू जिनर ने एंडी वुडवर्ड को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

# अंडर-18 एशिया कप से पहले भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगी चार मैचों की श्रृंखला

**भोपाल,** (हि.स.)भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें एशिया कप की तैयारी के तहत ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार मैचों की श्रृंखला खेलेंगी। यह मुकाबले 15 से 20 मई तक उद्भव दास मेहता (भाई जी) केंद्रीय केंद्र, भोपाल में आयोजित होंगे। यह श्रृंखला युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही है।

**महिला टीम का पूरा कार्यक्रम**

भारतीय महिला अंडर-18 टीम 15 मई को शाम 7 बजे पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 17 मई को शाम 5 बजे, 18 मई को शाम 7 बजे और 20 मई को सुबह 8 बजे अंतिम मुकाबला होगा। कोच रानी रामपाल ने कहा कि खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर में अच्छा प्रदर्शन किया है और अब वे अपनी क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परखने के लिए तैयार हैं।



**पुरुष टीम की चुनौतीपूर्ण तैयारी:** पुरुष अंडर-18 टीम 15 मई को शाम 5 बजे से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 17 मई को शाम 7 बजे, 18 मई को शाम 5 बजे और 20 मई को सुबह 10 बजे अंतिम मुकाबला खेला जाएगा। कोच सरदार सिंह ने बताया कि साई भोपाल में आयोजित शिविर के दौरान खिलाड़ियों के तकनीकी और बुनियादी कौशल पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**एशिया कप से पहले अंतिम बड़ा परीक्षण:** यह श्रृंखला 19 अप्रैल से चल रहे राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद आयोजित की जा रही है। इसे एशिया कप से पहले टीम चयन और संयोजन को परखने का अंतिम बड़ा मौका माना जा रहा है। कोचिंग स्टाफ के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ प्रदर्शन से खिलाड़ियों की वास्तविक क्षमता का आकलन हो सकेगा।